# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025


## अयोध्या में जलाए गए 2 लाख दीये



रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में 2 लाख दीये जलाए गए। अयोध्या का चप्पा-चप्पा दिव्य और भव्य नजर आया। फिजाओं में भक्ति रस घुला हुआ दिखा। मंदिरों में शंखनाद हुए। सरयू तट दीयों की रोशनी से जगमगाता नजर आया। मानो अयोध्या की धरती श्रीराम के जन्म की खुशी में मुस्कुरा रही हो।


RAMKRISHNA CARE HOSPITALS

श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय

विश्वस्तरीय सुविधाओं और अनुभवी विशेषज्ञों के साथ बेहतरीन इलाज एवं पारदर्शी बिलिंग के साथ मध्य भारत का अग्रणी हॉस्पिटल।

विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल

अब तक
- 3 लाख+ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- 300+ रोबोटिक सर्जरी
- 35+ लिवर ट्रांसप्लांट
- 300+ किडनी ट्रांसप्लांट

प्रतिवर्ष
- 15000+ इमरजेंसी मरीज
- 2500+ कार्डियक इंटरवेंशन
- 1000+ न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी प्रोसीजर्स
- 2000+ फ्रैक्चर, जोड़, स्पोर्ट्स इंजरी, ऑर्थो ट्रॉमा और जेरियाट्रिक सर्जरी जैसे ऑर्थो प्रोसीजर्स

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल

पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर 0771 6165656


चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन जब पूरा देश रामनवमी मना रहा था, जगह-जगह छोटी कन्याओं को माता स्वरूप मानकर पूजा जा रहा था, उसी दौरान दुर्ग शहर के मोहन नगर थाना अंतर्गत एक 6 साल की बच्ची के अपहरण से सनसनी फैल गई। कार सवार युवक बच्ची को उठा ले गए। दोपहर में इन युवकों ने उसे अधमरी हालत में घर के सामने फेंक दिया। घायल बच्ची ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। देर रात मोहन नगर थाने में बजरंग दल और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया।

# कन्या भोज के लिए निकली बच्ची का अपहरण, अधमरी हालत में फेंका, मां बोली- रेप हुआ, पुलिस ने कहा- करंट से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बच्ची के परिजनों ने बताया कि बच्ची कन्या भोज के लिए सुबह करीब 9 बजे घर से निकली थी। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे काले रंग कार में तीन युवकों ने उसका अपहरण कर साथ ले गए। दोपहर करीब 2 बजे तक बच्ची घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

इसके बाद बच्ची की तलाश शुरू हुई। शाम करीब साढ़े 6 बजे बच्ची घायल अवस्था में घर के पास कार में मिली। उसके शरीर में कई जगहों पर चोटों के निशान थे। चेहरा झुलसा हुआ था। इसके बाद परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब घंटेभर बाद उसकी मौत हो गई। बच्ची की मां ने रेप का आरोप लगाया है, वहीं पुलिस ने बच्ची से अनाचार होने की घटना से इंकार किया है। पुलिस ने बताया कि बच्ची संभवतः करंट से झुलसी है। पूरा मामला संदिग्ध है। फिलहाल जांच की जा रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। बच्ची के चेहरे में कई जगहों पर जलने की निशान है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### मोहन नगर थाने में देर रात जमकर हंगामा, तीन संदिग्ध धरे गए






### मामले में मोहल्लेवासियों ने एक युवक की पिटाई की

जानकारी के मुताबिक जो लड़का बच्ची को घर के पास फेंकने आया था, उसे मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की। बाद में मौके पर पुलिस पहुंची, आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है। घटना के बाद पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।





### मां बोली-बच्ची से हुआ रेप

इधर, बच्ची की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी के साथ रेप हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि बच्ची के शरीर पर कई जगह निशान हैं। जिस हालत में बच्ची को कार से बाहर फेंका गया, ऐसे में रेप होने की आशंका है।

### लापता बच्ची की लाश मिली है

लापता बच्ची की लाश मिली है। प्रथम दृष्टया करेंट से मौत की आशंका है। जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

-जितेंद्र शुक्ला, एसपी दुर्ग


## नक्सल प्रभावित जिलों की सूची से नाम हटाए गए, केंद्र से अब राशि नहीं आएगी

# चार दशक बाद राजनांदगांव, खैरागढ़ और कवर्धा नक्सलवाद से मुक्त, लौट रही फोर्स

*पिछले चार दशक से लाल आतंक से जूझ रहे अविभाजित जिले राजनांदगांव के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कवर्धा जिले को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया है। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिले को हाई नक्सल इलाके के बजाय एलडब्लूई की श्रेणी में तब्दील कर दिया है। नक्सल मुक्त होने के बाद अब विकास कामों में तेजी लाए जाने के निर्देश भी जारी हुए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

उल्लेखनीय है कि अविभाजित राजनांदगांव में सन 1992 में पहली नक्सल घटना बकरकट्टा में हुई थी। इसके बाद पिछले 35 सालों में नक्सलियों ने मोहला-मानपुर से लेकर कवर्धा जिले तक रेड कारीडोर तक तैयार कर लिया था। 2015 में कवर्धा जिले में नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति का अहसास कराया था। इन सालों में नक्सलियों ने न केवल ग्रामीणों की हत्या की, बल्कि सैकड़ों जवान शहीद भी हुए। अब केंद्र के साथ विष्णुदेव सरकार की आक्रामक रणनीति और लगातार चलाए जा रहे आपरेशन के चलते नक्सली पिछले कुछ सालों से बैकफुट पर आ गए थे। यही कारण है ▶▶| शेष पेज 7 पर





### फोर्स की रवानगी भी शुरू

*अविभाजित राजनांदगांव जिले में नक्सलियों के खिलाफ जंग लड़ने के लिए केंद्र सरकार ने आईटीबीपी की चार बटालियन की तैनाती यहां की है। नक्सल प्रभावित इलाकों में कैंप खोलकर वहां विकास काम तेजी के साथ पूरे कराए जा रहे हैं। नक्सल मुक्त की श्रेणी में आने के बाद इन जिलों में तैनात फोर्स को भी बस्तर भेजे जाने की चर्चा है। दो कंपनियों को यहां से रवाना भी कर दिया है।*

### नहीं मिलेगा अब फंड

*केंद्र सरकार द्वारा नक्सल जिलों में विकास कामों के लिए हर साल 30 करोड़ रुपए की राशि जारी की जाती थी। नक्सल मुक्त होने के बाद इन तीनों जिलों को अब यह राशि जारी नहीं होगी। वहीं मोहला-मानपुर- चौकी जिले में एलडब्लूई के तहत करीब 10 करोड़ रुपए ही जारी होंगे।*

### अगले साल तक प्रदेश होगा नक्सल मुक्त

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ को अगले साल तक नक्सल मुक्त करने का ऐलान किया है। बस्तर में फोर्स ने मोर्चाबंदी कर रखी है। बस्तर दौरे के पहले केंद्रीय मंत्री ने तीन जिलों को नक्सल मुक्त करने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया में ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

## नक्सलियों का प्रस्ताव किसी सरकार ने नहीं माना

## बिना हथियार डाले बात नहीं करेगी सरकार, इसलिए शाह की बैठक में वार्ता पर मंथन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का तेजी से खात्मा हो रहा है, इस बीच नक्सली संगठन की सेंट्रल कमेटी ने परचा जारी कर केंद्र और राज्य सरकारों से शांतिवार्ता की पेशकश की थी, लेकिन सरकार का रुख अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। एक दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी छत्तीसगढ़ आकर नक्सल मुद्दे पर उच्च स्तरीय बैठक ली थी, जानकार उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो नक्सलियों के प्रस्ताव पर इस बैठक में कोई खास बात नहीं हुई है। दरअसल, नक्सलियों से शांतिवार्ता के सवाल पर केंद्र और ▶▶| शेष पेज 7 पर



### शाह के दौरे के पहले जारी किया पत्र

दरअसल नक्सलियों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चल रहा है, इसमें कई बड़े कैडर के नक्सली ढेर हुए हैं। इससे नक्सलियों को बड़े झटके लगने लगे हैं और नक्सलवाद कमजोर पड़ रहा है। नक्सल संगठन में भारी हड़कंप मचा हुआ है। इस ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नक्सलियों की ये बात नहीं मानेगी सरकार

इधर राज्य पुलिस के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो सरकार ये नक्सलियों की ये शर्त मानने को कतई तैयार नहीं है कि नए सुरक्षा कैंप नहीं खुलना चाहिए। सूत्रों का कहना है ये सरकार के अधिकार क्षेत्र की बात है कि कहां कैंप खोले कहां थाना। इसी तरह नक्सलियों द्वारा पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा सीजफायर करने की बात को भी पूरी तरह खारिज किया गया है। खुद केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने दंतेवाड़ा में नक्सलियों से कहा है कि हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आएं।

# आस्था की राह पर सनातनी शक्ति...



***रायपुर।*** *नौ दिनों तक मां की विशेष उपासना के बाद रविवार को शहर की सड़कों पर सनातनी शक्ति आस्था की डगर पर भव्यता के साथ चली। जवारा विसर्जन शोभायात्रा शहर के तकरीबन सभी इलाकों से निकाली गई। इन यात्राओं के दौरान भक्तों की आस्था और भरोसा चमत्कारिक नजर आया। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं तक भक्तों ने अपने शरीर, गाल और जीभ में सांग छेदकर पैदल चलते हुए तालाबों तक पहुंचे। जवारा* ▶▶| शेष पेज 7 पर


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2025

APPROVAL & RECOGNITION

Accredited by NAAC with Grade 'A++' | UGC Graded Autonomy (Category-I) | NBA Accredited | ICAR Accredited | NAABL Accredited | NABH Accredited

AICTE Approved | NMC Approved | DCI Approved | PCI Approved | BCI Approved | INC Approved | VCI Approved

PROGRAMMES OFFERED

B.TECH PROGRAMMES
Civil Engineering
Electrical Engineering
Mechanical Engineering
Electrical and Electronics Engineering
Electronics and Communication Engineering
Computer Science and Engineering
Computer Science and Information Technology
Computer Science and Engineering (AI and ML)
Computer Science and Engineering (Cyber Security)
Computer Science and Engineering (Data Science)
Computer Science and Engineering (Internet of Things)

M.TECH PROGRAMMES
Structural Engineering
Electric Vehicle Technology
Machine Design and Robotics
Embedded System and VLSI Design
Computer Science and Engineering

MANAGEMENT PROGRAMMES
BBA
MBA
Integrated MBA
MBA (Hospital Administration)
MBA (Artificial Intelligence and Data Science)

M.Sc. PROGRAMMES
Physics
Chemistry
Mathemetics
Biotechnology
Integrated (M.Sc. Biotechnology)

COMPUTER APPLICATIONS PROGRAMMES
Bachelor of Computer Applications (BCA)
Master of Computer Applications (MCA)

PHARMACEUTICAL PROGRAMMES
B.Pharm.
M.Pharm.

LAW PROGRAMMES
BA LLB (H) - Integrated Law
BBA LLB (H) - Integrated Law
LLB (H) - 3 Years Law
LLM

HOTEL MANAGEMENT PROGRAMMES
BHMCT (Bachelor of Hotel Management & Catering Technology)
MBA (Hospitality Management)

NURSING PROGRAMMES
B.Sc. (Nursing) (Basic)
B.Sc. (Nursing) (Post Basic)
M.Sc. (Nursing)

AGRICULTURAL PROGRAMMES
B.Sc. (H) Agriculture
M.Sc. Agriculture

VETERINARY SCIENCE AND ANIMAL HUSBANDRY PROGRAMME
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc. & A.H.)

nirf National Institutional Ranking Framework 2024
14th in University Category
26th in Engineering Category
21st in Medical Category
09th in Dental Category
09th in Law Category

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
64 in QS Southern Asia University Ranking
278 in QS Asia University Ranking
1201-1400 in QS World University Ranking
Institution of Happiness
Recognized by QS I-Guage

THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2024
801-1000 in THE World University Ranking
401-500 in Engineering Technology
601-800 in Computer Science
801-1000 in Health Sciences

To apply for admission through SAAT 2025,
Visit: www.soa.ac.in


### मरम्मत के बाद रवाना हुई ट्रेन

## बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस की 'पावर कार' में लगी आग

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में यात्रियों से भरी बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20846) के एक हिस्से में रविवार शाम आग लग गई। रेलवे अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और अग्निकांड में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20846) की 'पावर कार' में तराना और ताजपुर स्टेशनों के बीच शाम पांच बजे के आस-पास आग लग गयी।



## समुद्र पर लिखी नई इबारत...

# पंबन ब्रिज पर दौड़ी भारत की पहली रेल

एजेंसी ▶▶| रामेश्वरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु में समुद्र पर बने नए पंबन रेलवे ब्रिज का उद्घाटन किया। इससे पहले 1914 में बने पुराने रेलवे ब्रिज को सुरक्षा की दृष्टि से दिसंबर 2022 में बंद कर दिया गया था। आज एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज के शुरू होने से मंडपम से आगे की रेल कनेक्टिविटी ▶▶| शेष पेज 7 पर

- नए ब्रिज से व्यापार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



### सीएम स्टालिन पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने अपने एक घंटे 50 मिनट के भाषण में, बिना नाम लिए, स्टालिन के राज्य को पर्याप्त धन न देने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कुछ लोगों को बिना कारण रोने की आदत होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले एक दशक में राज्य के विकास के लिए पिछली सरकार की तुलना में तीन गुना अधिक धन आवंटित किया है।

### सीएम नहीं रहे मौजूद

मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस कार्यक्रम में भाग नहीं लिया और परिसीमन के मुद्दे पर विरोध जताया। स्टालिन ने कहा कि उन्होंने पहले ही प्रधानमंत्री को पुल के उद्घाटन समारोह में भाग लेने में असमर्थता से अवगत करा दिया था, क्योंकि उनके पहले से ही आधिकारिक कार्यक्रम निर्धारित थे।



# संतरेगा में आयुष टूरिज्म पर लगा ब्रेक

# केरल की तर्ज पर डिस्पेंसरी करनी थी तैयार

**हरिभूमि न्यूज / कोरबा।** आयुर्वेद विभाग की संतरेगा में केरल की तर्ज पर आयुष टूरिज्म तैयार करने की योजना पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। राज्य सरकार द्वारा विभाग के इस प्रस्ताव को बजट में शामिल नहीं किया गया है। इस योजना अंतर्गत पर्यटन केंद्र सतरेंगा में आयुष डिस्पेंसरी निर्माण के साथ यहां आने वाले पर्यटकों को आयुर्वेद उपचार की सुविधा मिलती। जिले में पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए तैयार की गई मूलभूत योजनाओं के तहत तमाम तरह के सौदर्यीकरण के कार्य किए गए। इनमें सतरेंगा को जिले का सबसे बेहतरीन और विकसित पर्यटन केंद्र के रुप में तैयार किया गया। पर्यटकों को आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराने के साथ साथ आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के प्रोजेक्ट बनाने और पर्यटकों को इससे अवगत कराने के लिए इसके लिए आयुर्वेद विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया था।







### बजट की कमी से रुका काम

सतरेंगा पर्यटन केंद्र में आयुष टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केरल के तर्ज पर डिस्पेंसरी एवं पंचकर्म यूनिट जैसे सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया था लेकिन बजट की कमी से फिलहाल इस कार्य को रोका गया है।

-उदय शर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी

## खबर संक्षेप

### निस्तारी के लिए गंगरेल बांध से छोड़ा गया पानी



**धमतरी।** गर्मी का सीजन बाकी है। अप्रैल की शुरुआत में ही जिले का भूजल स्तर आधा मीटर नीचे चला गया है। सवा सौ गांवों के डेढ़ सौ हैंडपंप जवाब दे चुके हैं। इसी के साथ गांवों के सैकड़ों सूखते तालाबों को भरने की कवायद सिंचाई विभाग ने शुरु कर दी है। पीएचई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूजल लेवल आधा मीटर नीचे चला गया है। जिले का औसतन भूजल लेवल 17.70 मीटर रहता है। यह नीचे गिरकर 18.20 मीटर पर चला गया है। मगरलोड ब्लाक में जलस्तर 19.75 मीटर, धमतरी ब्लाक में 19.16 मीटर, कुरूद विकासखंड में 16.50 मीटर, नगरी में 17.45 मीटर पर आ गया है। शहर सहित गांवों के तालाब सूखने लगे हैं। सिंचाई विभाग से पानी की डिमांड होने से 1 अप्रैल से निस्तारी के लिए पानी छोड़ने का सिलसिला शुरु हो गया है। जिले के 390 गांवों को चिन्हांकित कर मुख्य नहर के माध्यम से शाखा नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है।

### कार से नौ लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार



**महासमुंद।** लग्जरी कार से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नौ लाख रुपए का 60 किलो गांजा व कार जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 6 अप्रैल को 7 बजे जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक ग्रे कलर की क्रेटा कार क्रमांक एमएच 16 बीवाय 1011 मे अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे है। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम सिंघोड़ा में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये हुलिए की एक कार वहां आई, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे जो पुलिस को देखकर अपने गाड़ी को तेज गति से भागने लगे, जिन्हें हमराह स्टाफ के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया।

### नक्सलियों का आदमी बताकर युवक की पिटाई

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा के दुकान के पास खड़े युवक के साथ अन्य दो लोगो ने मिलकर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे मांझीपारा खूटगांव निवासी 30 वर्षीय कमल किशोर मरकाम पिता बालचंद मरकाम ने पुलिस को बताया कि 1 अप्रैल को कोदापाखा मेला देखने गया था। कोदापाखा में मंगतु राम के दुकान के पास खड़ा था। उसी समय शाम करीबन 6 बजे जान पहचान के शलेन्द्र दुग्गा व विषकांत दुग्गा मिलने पर मैने कहा कि भांटो कैसे हो, इस पर शैलेंद्र और विषकांत दुग्गा ने मुझे गाली दिया और हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए आरोपियों ने कहा कि तुम लोग नक्सली के आदमी है। तुम्हे जान से मार देंगे कहते हुए धमकी देने लगे।

## रायपुर के बाद बिलासपुर रहा दूसरे नंबर पर

# प्रापर्टी खरीदने वालों की बिलासपुर बना पसंद 41 हजार संपत्तियों की हुई इस साल रजिस्ट्री

**न्यायधानी बिलासपुर के बढ़ रहे दायरे और सुविधाओं के कारण लोग अपने लिए आशियाना यहां बनाना चाह रहे हैं। प्रदेश के साथ अगल-अलग राज्यों के लोगों को बिलासपुर शहर पसंद आ रहा है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश भर में संपत्तियों की खरीदी-बिक्री में रायपुर जहां सबसे आगे रहा तो बिलासपुर दूसरे नंबर पर रहा है। रायपुर में कुल 46 हजार लोगों नें मकान और जमीन खरीदे तो पंजीयन विभाग से मिले आंकड़े बता रहे हैं कि बिलासपुर दूसरे नंबर पर रहा है। यहां 41 हजार रजिस्ट्री हुई। दुर्ग में 34 संपत्तियां खरीदी-बेची गईं। बिलासपुर में कुल 320 करोड़ का कारोबार हुआ जबकि टारगेट 470 करोड़ का था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में सर्वर ने सबसे अधिक परेशान किया। करीब 50 करोड़ के पंजीयन पर भी असर पड़ा। कई दिन तो इक्का-दुक्का रजिस्ट्री ही हो सकी और लोगों को स्लाट कैंसिल कराते हुए लौटना पड़ा। जानकारी के मुताबिक बिलासपुर के 41 हजार रजिस्ट्री संपत्तियों को खरीदने वालों में से 10 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो प्रदेश के बाहर के हैं। इससे साफ है कि बिलासपुर में हो रहे विकास का असर लोगों को दिखने लगा है। बिलासपुर के पंजीयन विभाग को इस साल लक्ष्य के विरुद्ध हालांकि कम आय प्राप्त हुई है। ज्ञात हो कि प्रदेश भर से ज्यादा रजिस्ट्री हुई है, लेकिन बीते साल से आंकड़ा काफी कम है। पिछले साल बिलासपुर में 350 करोड़ का कारोबार हुआ था। इस साल लेकिन 320 करोड़ के करीब ही खरीदी बिक्री हो सकी। इस साल रजिस्ट्री कम हुई हैं। इसके पीछे अवैध प्लाटिंग और सुगम एप में हुई सख्ती के कारण आंकड़े गिरना बताया जा रहा है।

खास खबर

### इस साल मिला था 470 करोड़ का टारगेट

ज्ञात हो कि राज्य सरकार लगातार पांच साल तक रजिस्ट्री का टारगेट बढ़ाती रही है क्योंकि हर साल रिकार्ड रजिस्ट्री से राजस्व मिलता रहा। पिछले साल भी 2023-24 में 350 करोड़ से ज्यादा का लक्ष्य जिले को दिया गया था, जिसे बिलासपुर पंजीयन विभाग ने पार कर दिया था। इस साल इस टारगेट को और बढ़ा दिया गया और इसे 470 करोड़ रुपए कर दिया गया था। हालांकि 320 करोड़ तक ही जिला पहुंच सका था।

### आवासीय प्लाटों की ज्यादा हुई बिक्री

अहम बात यह है कि अन्य प्रदेश के लोग भी बिलासपुर में अपना आशियाना बनाना चाहते हैं। बीते एक साल में सबसे ज्यादा बिक्री आवासीय प्लाटों की हुई है। इसके अलावा सरकारी एजेंसियों की रिआयती फ्लैट भी बिके हैं।



| जिला | खरीदी बिक्री |
| --- | --- |
| बिलासपुर | 41985 |
| रायपुर | 46589 |
| दुर्ग | 34201 |
| रायगढ़ | 17251 |
| जांजगीर चांपा | 14282 |
| राजनांदगांव | 26201 |

### दूसरे नंबर पर रहा बिलासपुर

बिलासपुर के बढ़ रहे दायरे और सुविधाओं के कारण लोग अपने लिए आशियाना यहां बनाना चाह रहे हैं। वर्ष 2024-25 में प्रदेश भर में संपत्तियों की खरीदी-बिक्री में रायपुर जहां सबसे आगे रहा तो बिलासपुर दूसरे नंबर पर रहा है। बिलासपुर में कुल 41 हजार 985 रजिस्ट्री हुई।

- आर आर स्वर्णकार, जिला पंजीयक

### सर्वर ने किया लगातार परेशान लौटे कई लोग

मार्च के अंतिम सप्ताह में रजिस्ट्री का सर्वर जाम रहा। दरअसल सालभर में सबसे ज्यादा मार्च में ही लोग रजिस्ट्री कराते हैं लेकिन बार-बार सर्वर खराब होने से लोगों को रजिस्ट्री के बिना ही कई लोगों को लौटना पड़ा। आमदिनों में रोज औसतन 150 से ज्यादा रजिस्ट्री होती है। मार्च में यह आंकड़ा बढ़ जाता है, लेकिन सर्वर इतना स्लो रहा कि बड़ी मुश्किल से 20 लोगों की ही रजिस्ट्री हो पाई। अंतिम तीन दिन तो और परेशानी रही। सर्वर इतना स्लो रहा कि 200 से अधिक लोगों को स्लाट दिया गया था लेकिन 60 से अधिक रजिस्ट्री नहीं हो सकी। एक-दो रजिस्ट्री के बाद सर्वर फिर बंद हो जा रहा था। 31 मार्च को आखिरी दिन करीब डेढ़ सौ रजिस्ट्री जरूर हुई जिससे विभाग को लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का राजस्व मिला।

## मारपीट में मदद करने वाला आरोपी गिरफ्तार, प्रधान आरक्षक सहित दो निलंबित

**बलौदाबाजार।** ग्राम खिलोरा में राईसमील संचालक द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का विरोध करने वाले ग्रामीण के साथ की गई मारपीट का मामला तूल पकड़ने लगा है। उक्त घटना से आक्रोशित ग्रामवासियों की शिकायत और धरना प्रदर्शन के पश्चात हरकत में आये प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। रविवार को प्रकरण में मुख्य आरोपियों को संरक्षण देने एवं वाहन में पेट्रोल आदि भराने के लिए पैसा भेजने वाले आरोपी विजय साहू 36 साल निवासी ग्राम खिलोरा को हथबंद पुलिस थाना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान आरोपी विजय ने प्रकरण के मुख्य आरोपियों को संरक्षण देते हुए, पैसा देकर मदद करते हुए आरोपियों को भागने में सहायता करना स्वीकार किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा मामले की विवेचना में लापरवाही बरतने पर हथबंद थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजकुमार ठाकुर एवं आरक्षक प्रवीण वर्मा को निलंबित कर दिया गया है।



### अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

ग्राम खिलोरा में निर्माणाधीन राईसमील के संचालक रौनक अग्रवाल पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कराने की ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत द्वारा की गई शिकायत सही पाई गई है। इस बारे में ग्रामवासियों की शिकायत पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर गठित जांच टीम ने रविवार को मौका स्थल पहुंचकर अवैध अतिक्रमण कर कराये गये निर्माण कार्य को जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया। किंतु प्रशासन द्वारा की गई इस कार्यवाही के बावजूद ग्रामवासियों में असंतोष व्याप्त है।

## शहर के चारों दिशाओं से पहुंचे हजारों भगवा ध्वज

# राम जन्म भूमि का संघर्ष 500 वर्षों तक चला, दृढ़ता और संकल्प का प्रतीक : सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित रामनवमी पर भव्य आयोजन वुलन मार्केट पावर हाउस में किया गया। विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, सांसद विजय बघेल, हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रमुख रूप से शामिल हुए। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस आयोजन ने भक्ति, प्रेरणा और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

समिति के संरक्षक प्रेम प्रकाश पांडे की टीम को विशेष बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने चार दशकों से इस भक्तिमय वातावरण को बनाए रखा है। कार्यक्रम न केवल भिलाईवासियों, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी जोड़ने में सफल रहा है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के संघर्ष, त्याग और मर्यादा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। श्रीराम जन्मभूमि से जुड़ा पाँच सौ वर्षों का संघर्ष, जो 1528 में शुरू हुआ और 2020 में मंदिर के भूमि पूजन तक चला, भारतीय समाज की दृढ़ता और संकल्प का प्रतीक बताया। राम जन्मभूमि संघर्ष के माध्यम से पूरे देश में सनातन धर्म और आस्था की लहर जागृत हुई है, जो वर्तमान में भी भारतीय समाज को एकजुट कर रही है। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने जनसहयोग से बने महाप्रसाद को ग्रहण किया, लेजर लाइट शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक स्वचलित झांकियों का भी आनंद लिया। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया। जब यह आयोजन शुरू हुआ था, तब धार्मिक रीति-रिवाजों और त्योहारों का सार्वजनिक प्रदर्शन करना सामाजिक चुनौती थी। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को तिलक या धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए असहजता का अनुभव होता था। लेकिन समाज में बढ़ती जागरूकता और प्रयासों ने इस सोच में परिवर्तन लाया।

### यह भाईचारे, प्रेम और त्याग की अद्वितीय मिसाल : डॉ. द्विवेदी

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके गुणों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन संघर्ष, त्याग और तपस्या का प्रतीक है। राम कथा केवल राज्यसत्ता के संघर्ष की कथा नहीं है, बल्कि यह भाईचारे, प्रेम और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने वर्तमान समाज में बढ़ती स्वार्थपरता और पारिवारिक विघटन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज लोग थोड़ी-सी संपत्ति के लिए अपने ही परिवार के सदस्यों के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। ऐसे में राम कथा से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन में भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देना चाहिए। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि अन्य बड़े लोगों के जीवन में चमत्कार मिलते हैं, लेकिन राम के पूरे जीवन में एक भी चमत्कार नहीं बल्कि उनके जीवन में केवल संघर्ष और समर्पण दिखता है। गंभीरता, धैर्यता और पुरुषार्थ दिखता है। आज के दौर में मकान-दुकान और जमीन के लिए एक मां के बेटे खून के प्यासे हो जाते हैं।

# पेपर बिगड़ने से छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूली छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचानाम कर पीएम के लिए भेज दिया है। मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। छात्रा का नाम नेहरु नगर निवासी एरिना कराब (19) है और उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतका कक्षा 12 वीं की छात्रा थी। वह पेपर बिगड़ जाने की वजह से परेशान रहा करती थी। इसके पहले भी 11 वीं में तीन बार पूरक और 12 वीं में फेल हो चुकी थी। घटना को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।



### परिजनों ने टेंशन लेने से किया था मना

परिजनों के मुताबिक एरिना पढ़ने में अच्छी थी। हिंदी मीडियम से पढ़ रही थी। 10 वीं में अंग्रेजी माध्यम स्कूल में डाला गया। हाईस्कूल में वह 89 फीसदी अंक लेकर पास हुई थी। इसके बाद मैथ्स, फिजिक्स, केमेस्ट्री को लेकर पढ़ाई करना शुरू किया। लेकिन उसके नंबर कम आने लगे थे। 11 वीं में उसने 3 बार पूरक परीक्षा देकर उत्तीर्ण हुई थी। 12 वीं में वह फेल हो गई। पिता ने उसे बार समझाया कि अगर समझ नहीं आ रहा तो टेंशन मत लो विषय बदल दो।

# प्रभु राम ने रावण के साथ जैसा किया वैसा ही सरकार नक्सलियों के साथ कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर देश के गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि प्रभु श्रीराम ने रावण के साथ जो किया वैसा ही अब सरकार नक्सलियों के साथ कर रही है। श्री सिंहदेव ने कहा है यह आज के राज, कांग्रेस, भाजपा की नीति नहीं बल्कि सदस्यों से चली आ रही नीति है। जो राजतंत्र में रहता है वो यही करता है। पुरातन समय में देखें तो श्री राम ने भी यही किया। उन्होंने पहले रावण को समझाया कि वह शांति के रास्ते को अपनाए, मुख्य धारा से जुड़े लेकिन रावण ने ऐसा नहीं किया। माता सीता का हरण किया, दानव आकर हवन पूजन में विघ्न डालते थे जिसके बाद श्रीराम चन्द्र जी ने शस्त्र उठाया। यही नीति नक्सलियों के साथ भी सरकार अपना रही है।



### मुख्यधारा में जुड़ने का आव्हान करेंगे

श्री सिंहदेव ने कहा कि पहले हम उन्हें मुख्य धारा से जुड़ने का आह्वान करेंगे। वे अगर नहीं मानेंगे तो उनसे चर्चा करेंगे कि उनकी परेशानी क्या है। यदि वे नहीं मानेंगे और शांत बैठे रहेंगे तो ठीक है। लेकिन यदि नहीं मानते है और हथियार उठाएंगे तो हथियार का जवाब हथियार से ही देना पड़ता है।

## लोगों से रुपए ऐंठने के लिए ठग क्यूआर कोड भी भेज रहे

# ठग कर रहे फोन- 'आपका बच्चा दो सब्जेक्ट में फेल हो गया है, पास कराना है तो 20 हजार में सेटिंग हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

10वीं-12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों के अभिभावकों को फर्जी कॉल आ रहे हैं। ठग उन्हें बता रहे हैं कि उनके बच्चे दो विषयों में फेल हो गए हैं और पास कराने के लिए 10 से 20 हजार रुपए देने होंगे। पुलिस के साथ ही जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अभिभावकों को सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारी स्वीकार भी कर रहे हैं कि जालसाज अब 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में पास कराने के नाम पर विद्यार्थियों और अभिभावकों से रुपये मांग रहे हैं।

बिलासपुर, रायपुर के साथ ही प्रदेश के अलग-अलग जिलों में चल रही कापियों की जांच के दौरान इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। दरअसल, प्रदेशभर में 36 केंद्रों पर 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा रही हैं।

**केस 1**

### कहा- दो विषयों में फेल है

खमतराई निवासी एक पालक के मोबाइल पर कॉल आया और ठग ने कहा कि आपके बच्चे कक्षा 10वीं की परीक्षा में दो विषयों में फेल हैं। पास कराना चाहते हैं, तो पांच से 10 हजार रुपए उनके द्वारा भेजे गए चंदन सिंह के नाम से इस बार कोड पर रुपए जमा करें। इसकी जानकारी पालक ने स्कूल के प्राचार्य को दी, तब उन्होंने इसे फ्राड कॉल बताकर ठग होने की जानकारी दी।





**केस 2**

### पास कराने के लिए रुपये देने होंगे

कोटा निवासी एक अभिभावक के बेटे के पास भी 10वीं में दो विषयों में फेल होने का झांसा देने वाला कॉल आया। उनके पास भी एक अनजान मोबाइल नंबर से आए, कॉल में कहा गया कि आपका बच्चा दो विषयों में फेल हो गया है। पास कराने के लिए रुपए देने होंगे।

### शिक्षा मंडल ने किया सचेत

फर्जी काल की शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा विभाग और छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पालकों को फर्जी कॉल से सचेत रहने और इसकी सूचना थाने में देने की अपील की है। सभी जिलों को भेजे गए पत्र में मंडल ने पुलिस से सहायता लेने की भी बात कही है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने कहा है कि इस तरह के किसी भी काल पर अलर्ट रहने की जरूरत है। शिक्षा विभाग में शिकायत भी की जा सकती है।

रायपुर
सोमवार, 7 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष: 23, अंक: 259
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 40.8
न्यून. 24.9


haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

05 हाथ लगी साउथ की एक और मूवी



विचार पेज
04 आशापूर्ण भविष्य के लिए स्वस्थ...




# 360 करोड़ की वसूली की खबर से हड़कंप, कॉलेजों ने कहा- समिति को ट्यूशन फीस तय करने का अधिकार, जाएंगे कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

'नो प्रॉफिट नो लॉस' के नियम को ताक पर रखकर चिकित्सा छात्रों से हॉस्टल, ट्रांसपोर्टिंग और मेस के नाम पर चार साल में ली गई कुल 360 करोड़ की अतिरिक्त फीस की वसूली की खबर से हड़कंप मच गया है। फीस विनियामक समिति द्वारा छात्रों को राशि वापस करने के फैसले के खिलाफ निजी कॉलेज प्रबंधन हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। कॉलेज प्रबंधन का तर्क है कि समिति को ट्यूशन फीस तय करने का अधिकार है, जिसे उनके द्वारा मान्य किया जाता है।

वहीं समिति ने कहा है कि कालेजों का संचालन नो प्रोफिट ना लॉस की तरह करना है। शिकायत के बाद आदेश दिया गया है, कालेज वसूली नहीं कर सकते।

उल्लेखनीय है कि फीस विनियामक समिति द्वारा तीन निजी मेडिकल कॉलेज रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ▶▶|शेष पेज 7 पर

## हॉस्टल, ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर ली ज्यादा फीस, अब छात्रों को राशि लौटाने एफआरसी का फरमान

### अब तक नहीं मिला लिखित आदेश

एफआरसी का लिखित आदेश अभी नहीं मिला है। आदेश में जिस बातों का उल्लेख है, उसका अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद आगे फैसला लिया जाएगा। मामले में कॉलेजों का पक्ष सुनने की अपील की जाएगी।

- **डॉ. गंभीर सिंह,** अधिष्ठाता, रिम्स




### नियम का उल्लंघन इसलिए जुर्माना

समिति ने मिली शिकायत के आधार पर जांच की तो 'नो प्रॉफिट नो लॉस' के नियम का उल्लंघन पाया। इस आधार पर कॉलेजों पर जुर्माना लगाया और अतिरिक्त फीस वापस करने के निर्देश दिए।

- **योगेश वल्यानी,** सदस्य फीस विनियामक समिति

### ...तो कैविएट दाखिल करे सरकार

छात्रों से ली गई अतिरिक्त फीस वापस दिलाने सरकार गंभीर है तो इस पर कैविएट दाखिल करे। एफआरसी के सदस्यों का फैसला स्वागतयोग्य है। फीस वापसी के लिए ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की जानी चाहिए।

- **डॉ. राकेश गुप्ता,** अध्यक्ष कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ

### आदेश की कॉपी मिलने का इंतजार

आदेश की कॉपी का इंतजार किया जा रहा है। कॉपी में उल्लेख निर्देशों के अध्ययन के बाद आगे कदम उठाया जाएगा। अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में मेडिकल की कम फीस ली जाती है।

- **डॉ. देवेंद्र नायक,** संचालक श्री बालाजी मेडिकल कालेज

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### न्यायमूर्ति पल्ली होंगे कश्मीर की चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है।



प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने चार अप्रैल को बैठक की थी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान में कहा गया है।

### ट्रक से टकराई कार चार की मौत

**बक्सर।** बक्सर जिले में कार के ट्रक से टकरा जाने की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान प्रमोद सिंह (40), उनके बेटे बंटी कुमार (12), पप्पू सिंह और सोनू कुमार के रूप में की गई है।



यह हादसा हर्किशुनपुर गांव के पास बक्सर-राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के हुआ।

### सेना के शिविर में सैनिक ने खुद को मारी गोली

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सेना के एक शिविर में रविवार तड़के एक सैनिक ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।



26 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात सिपाही विजय कुमार ने तड़के तीन बजकर 40 मिनट पर धर्मुंड सैन्य अस्पताल में खुद को गोली मार ली। जिस दौरान यह घटना हुयी उस दौरान कुमार संतरी ड्यूटी पर तैनात थे।

### ट्रक और बाइक की टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

**मुरैना।** मुरैना जिले में एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को रविवार को टक्कर मार दी, जिससे पिता और बेटे की मौत हो गई। बामनोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सुबह यह हादसा हुआ।



पिता और बेटा मजदूरी के लिए ग्वालियर की ओर जा रहे थे तभी एक ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# गर्मी में गला तर करने अब सिर्फ झिरिया, वह भी सूखने लगे, भरी गर्मी में एक-दो किलोमीटर का पैदल सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/ कवर्धा/ जगदलपुर/ तखतपुर/ अंबिकापुर

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि ने प्रदेश के अलग-अलग इलाकों के वनांचल क्षेत्र में पानी की हो रही जद्दोजहद की पतासाजी की, तो यह तथ्य निकलकर सामने आया कि गरियाबंद के मैनपुर से 18 किलोमीटर दूर ग्राम कुल्हाडीघाट एवं उसके आश्रित ग्राम, जो यहां से 20-22 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर हैं। उसमें कुर्वापानी, ताराझर, भालूडिग्गी ओडिशा सीमा से लगा है। इन ग्रामों की जनसंख्या लगभग 360 की आसपास बताई जाती है और यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। यहां के रहने वाले पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

कुर्वापानी और ताराझर मे दो कुएं का निर्माण किया गया है, लेकिन तेज गर्मी और पहाड़ी होने के कारण कुआं सूखने की कागर पर है। यहां नदी में ग्रामीणों के द्वारा चार से पांच फीट रेत व पत्थर को हटाकर झिरिया खोदा गया है। इसी झिरिया का पानी ग्रामीण पीने को मजबूर हो रहे हैं। गांव से थोड़ी दूर होने के कारण झिरिया में अकेला ग्रामीण पानी लेने भी नहीं जा सकते, क्योकि जंगल होने के कारण वन्य प्राणी भी अपना प्यास ▶▶|शेष पेज 7 पर



*गर्मी का मौसम अप्रैल की शुरूआती सप्ताह में ही अपना रौद्र रूप दिखाने लगा है। पहाड़ी और उसके आसपास में इलाके में रहने वालों को पीने के पानी के लिए अब झिरिया पर निर्भर होना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि अब झरिया भी सूखने की कगार पर हैं। कई इलाकों में जमीन खोदकर पानी की तलाश की जा रही है।*

## गर्मी में गहराने लगा भीषण जल संकट, मवेशियों के लिए भी मुश्किल से हो पा रही पानी की व्यवस्था

### पांच किमी दूर से पानी ला रहे ग्रामीण

नगर से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम चोरमा में आज भी पीने के पानी का संकट है। यहां लोग लगभग 2 किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाते मजबूर हैं। तखतपुर विकासखण्ड कार्यालय से 6 किमी दूरी पर स्थित ग्राम चोरमा में पेयजल की समस्या बनी हुई है। गांव और खेत मिला कर यहां 50 नलकूप है जिसमें 20 बंद हैं। गांव का पानी पीने योग्य नहीं है और गांव के ग्रामीण पानी लाने के लिए ग्राम निगारबंद या तखतपुर तक का सफर करते हैं।



### पानी लाने एक किमी दूर जाती हैं महिलाएं

बस्तर जिले के लोहण्डीगुडा ब्लॉक की सुदूर ग्राम पंचायत हर्राकोडेर में जल समस्या गम्भीर है। यहां का पहाड़ी नाला कपेमारी जो बारिश में पानी से लबालब रहता हैं, वह सूखकर डबरी बन गया है। यहां के ग्रामीण गड्ढा खोदकर बर्तन में पानी भरकर किसी तरह खाने पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। संरपच लक्ष्मण बेंजामी ने हरिभूमि से ▶▶|शेष पेज 7 पर



### मवेशियों की भी प्यास बुझाना हो रहा मुश्किल

कवर्धा जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल तथा पहाड़ी ग्राम बाहपानी, बांसाटोला, डेंगुरजाम, ढेपरापानी, चाउंदडोंगरी, सेजाडीह, बसूलालूट, भाकुर, सरहापथरा, पकरीपानी, सेंदुरखार, बांगर सहित दर्जनों ग्रामों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। स्थिति ये है कि इन ग्रामों के ग्रामीणों को लंबी दूरी और भारी मशक्कत के बाद गर्मी में सूख चुकी स्थानीय नदी, नालों में झिरिया खोदकर पेयजल की व्यवस्था करनी पड़ ▶▶|शेष पेज 7 पर



### 20 दिनों से जल जीवन मिशन का पंप खराब, ग्रामीण खरीद कर पी रहे पानी

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदर में जल जीवन मिशन की आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को पिछले 20 दिनों से भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत के भूमि टोंगरी पारा के हैंडपंपों के सूख जाने से ग्रामीणों को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है।

- सरपंच ने निकाल लिया सरकारी ट्यूबवेल का पंप

ग्राम पंचायत कुदर में 8 माह पूर्व ही जल-जीवन मिशन का निर्माण पूरा हो गया है। विभाग ने अभी मिशन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को नहीं सौंपी है लेकिन पानी की आपूर्ति निर्माण पूरा होने के बाद से ही नियमित किया जा रहा है। लुण्ड्रा ब्लॉक की अनेक पंचायतों में भूगर्भ का जल स्रोत आवश्यकता के अनुरूप नहीं है। यही कारण है कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

# लंदन का प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट बनकर ऑपरेशन, सात की मौत जांच के लिए आज पहुंचेगी टीम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

दमोह के मिशनरी अस्पताल में लंदन के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एनजोन केम के नाम से फर्जी डॉक्टर नरेंद्र यादव पर सात लोगों के दिल के ऑपरेशन करने का आरोप लगा है। आरोप है कि डॉ नरेंद्र ने दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच ऑपरेशन किए। इन ऑपरेशनों के बाद सात लोगों की मौत हो गई। मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी डॉ. नरेंद्र यादव फरार हो गया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने घटना को गंभीरता से लिया है। मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की दो सदस्यीय टीम सोमवार को दमोह में कैम्प लगाकर जांच करेगी। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दीपक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### फर्जी डॉक्टर फरार

दिल का आपॅरेशन करने वाले इस डॉक्टर का असली नरेंद्र विक्रमादित्य यादव बताया जा रहा है। जो कि खुद को यूके के डॉक्टर एन जॉन केम बताकर काम कर रहा था। इस पर आरोप हैं कि इसके पास डॉक्टरी की डिग्री भी नहीं है। मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी डॉक्टर नरेंद्र फरार हो गया।

### कलेक्टर बोले- चल रही जांच

दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने भी मामले की पुष्टि की है। बताया कि मामले की जांच चल रही है। जो तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं अस्पताल प्रबंधक पुष्पा खरे ने गलत आंकड़े पेश किए जाने का दावा किया है।

### कानूनगो की पोस्ट के बाद मचा हड़कंप

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो द्वारा किए एक पोस्ट के बाद हड़कंप मचा हुआ है। कानूनगो ने रविवार को एक पोस्ट में कहा, मामले की जांच के लिए मेरे आदेश पर गठित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की जांच टीम 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक दमोह में डेरा डालकर जांच करेगी। अगर कोई पीड़ति या कोई अन्य व्यक्ति मामले से संबंधित जानकारी देना चाहता है तो वह दमोह में जांच टीम से मिल सकता है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देने भवन की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा का ध्वज फहराया। साथ ही यहां प्रक्षिणण केंद्र बनाने के लिए भूमिपूजन भी किया। यहां प्रदेशभर के नेताओं और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के साथ ही उनके रहने की भी व्यवस्था होगी। एकात्म परिसर में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पार्टी का ध्वज फहराया। भाजपा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### *प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री साय और जिला कार्यालय में संगठन महामंत्री ने फहराया ध्वज*



कानून बना पर करना होगा इंतजार

# वक्फ कानून को लागू करने सरकार तय करेगी तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ बिल को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही यह बिल अब कानून बन गया है। सरकार ने इसका गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। हालांकि यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। इसे कब से लागू किया जाएगा, इसकी तारीख केंद्र सरकार बाद में एक अलग नोटिफिकेशन के जरिए बताएगी। केंद्र सरकार ने फिलहाल तारीख तय नहीं की है।

### सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका

सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर कर वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। नयी याचिका केरल के सुन्नी मुस्लिम विद्वानों और मौलवियों के धार्मिक संगठन 'समस्त केरल जमीयतुल उलेमा' ने अधिवक्ता जुल्फिकार अली पी एस के माध्यम से यह याचिका दायर की है। उसमें कहा गया है कि ये संशोधन वक्फ के धार्मिक चरित्र को विकृत कर देंगे तथा वक्फ और वक्फ बोर्डों के प्रशासन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी अपूरणीय क्षति भी पहुंचाएंगे।

## नजदीकी संपर्क कर वीडियो बनाया, हुई कार्रवाई, चली गई नौकरी

# चीतों को परात में पानी पिलाने वाले को विभाग ने ही पिलाया 'पानी'


हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्योपुर

डेढ़ महीने पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावक पहली बार पार्क की सीमा से बाहर आए हैं। उन्हें वीरपुर तहसील के ग्राम श्यामपुर के पास देखा गया। इस दौरान एक चीता मत्रि सत्यनारायण गुर्जर ने उन्हें परात में पानी पिलाया, जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। यह वीडियो उमरीकलां के जंगल में बनाया गया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि चीता मत्रि गुर्जर हाथ में परात और एक पानी की केन लेकर आता है। वह केन से परात में पानी ▶▶|शेष पेज 7 पर

## सत्यनारायण गुर्जर चीता मित्र है व वन विभाग में है ड्राइवर

### पहली बार पार्क की सीमा से बाहर आए

दरअसल, डेढ़ महीने पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावक पहली बार पार्क की सीमा से बाहर आए हैं। उन्हें वीरपुर तहसील के ग्राम श्यामपुर के पास देखा गया। वे निर्माणाधीन श्योपुर-ग्वालियर ब्रॉडगेज रेल ट्रैक से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर थे।



### 17 चीते खुले में घूम रहे

दरसअल, वर्तमान में कूनो के खुले जंगल में 17 चीते विचरण कर रहे हैं। ये चीते लगातार अपना क्षेत्र बढ़ा रहे हैं और शिकार भी कर रहे हैं। करीब 13 दिन पहले कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकले 5 चीतों पर ग्रामीणों ने लाठी, डंडों और पत्थरों से हमला भी कर दिया था। हालांकि, मौके पर मौजूद वन विभाग की रेस्क्यू टीम ग्रामीणों से चीतों से दूर रहने की अपील करती रही, लेकिन वे नहीं माने।

> दुनिया विज्ञान के क्षेत्र में कितनी आगे बढ़ गई है, लेकिन जोधपुर का एक ऐसा गांव है, जहां 200 साल पहले बैरागी हरिराम महाराज के द्वारा कहे गए वचनों की पालना आज भी हो रही है। जोधपुर से करीब 20 किलोमीटर दूर जोधपुर बाड़मेर हाईवे के नजदीक डोली गांव में लोग ना तो दो मंजिला मकान बनाते हैं, ना ही सोनार का कार्य करने वाले सुनार रात को गांव में रुकते हैं और ना ही इस गांव में तेल की कोई घाणी लगती है।

# एक ऐसा गांव जहां रात में नहीं ठहरते सुनार, 200 साल से नहीं बना 2 मंजिला मकान

एजेंसी ⏭ जोधपुर

जोधपुर से करीब 20 किलोमीटर दूर जोधपुर बाड़मेर हाईवे के नजदीक डोली गांव में लोग ना तो दो मंजिला मकान बनाते हैं, ना ही सोनार का कार्य करने वाले सुनार रात को गांव में रुकते हैं और ना ही इस गांव में तेल की कोई घाणी लगती है। इसके अलावा अगर कहीं किसी के मकान में आग लग जाती है तो वे आग आगे नहीं फैलती है। बताया जाता है कि राजा महाराजाओं के समय कविराज मुरारी लाल जी चारण, जो कि यहां के राजा के द्वारा ख्याति प्राप्त थे, उन्हें जोधपुर राजा द्वारा 12 गांव दिए हुए थे। इनमें यह डॉली गांव भी शामिल था। कवि मुरारी लाल ने बैरागी महाराज से गांव में करणी माता का मंदिर बनाए जाने की बात कही।



### क्या है इस मान्यता के पीछे की वजह

ग्रामीणों ने बताया कि आज से 200 साल पहले इस गांव में हरिराम बैरागी महाराज तपस्या किया करते थे। उन्होंने अपनी तपस्या स्थल के समय एक सूखी लकड़ी की डंडी को लगाया था जो खेजड़ी के वृक्ष के तौर पर आज भी गांव में मौजूद है। उन्होंने ही ग्रामीणों को गांव के चारों तरफ कच्चे दूध और सूखे नारियल की ज्योत के साथ गोल घेरा बनाकर आरती करने की सलाह दी थी। मान्यता है कि ऐसा करने की वजह से ही गांव में कोई संकट नहीं आया। कोरोना महामारी के समय में भी इस गांव में कोई आपदा नहीं हुई थी। उस समय संत ने जिस जगह पर लकड़ी का डंडा रोपा था, वहां पर खेजड़ी का एक बड़ा वृक्ष हो गया। पूरे गांव में संत के प्रति आस्था की वजह से कोई भी व्यक्ति दो मंजिल का मकान नहीं बनाता है।



### दो मंजिला मकान बनाए पर आ गई आफत

इसके बाद गांव में केवल एक मंजिल ही मकान बनता है। कहा जाता है कि कुछ लोगों ने पौराणिक मान्यताओं को ना मानकर गांव में दो मंजिला मकान बनाए। लेकिन, वे उस घर में रह नहीं पाए। किसी को अलग-अलग आवाज सुनाई देने लगीं, तो किसी के परिवार में अकाल मृत्यु होने लगी। कहीं किसी के परिवार में सभी बीमारी से ग्रसित हो गए।

## रोचक खबरें

## बड़ी डिग्री, लाखों की नौकरी, सबकुछ छोड़ कैंटीन में खाना पकाती है लड़की




### पत्रकारिता की पढ़ाई की, पकाती है कैंटीन में खाना

हुआंग नाम की ये लड़की चीन के ग्रामीण इलाके हेनान प्रांत की रहने वाली है। उसने साल 2022 में चीन के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय पेकिंग यूनिवर्सिटी से पत्रकारिता में ग्रेजुएशन की डिग्री ली है। जहां इसके बाद उसके बाकी दोस्त कम से कम 2 से ढाई लाख की नौकरी कर रहे हैं, वहीं लड़की ने डिग्री लेते ही अपने ही कॉलेज के कैंटीन में काम शुरू कर दिया. छात्र-छात्राओं के बीच वो 'हुआंग' के नाम से लोकप्रिय है। इस काम के लिए उसे संघर्ष भी खूब करना पड़ता है, क्योंकि वो सुबह से रात तक खड़े रहना पड़ता है।

**बीजिंग।** इंसान कई बार अपने शौक को ही प्रोफेशन बना लेता है। इससे बेहतर कुछ हो भी नहीं सकता कि आपको अपने मन का काम करने के लिए पैसे भी मिलें. वैसे भी जिस काम में आपका मन लगता है, उसे आप खेल समझकर करते हैं और इससे कभी दिल भी नहीं भरता। वहीं, अगर ज्यादा पैसे वाली नौकरी भी ऐसी हो, जिसमें मन न लगता हो, तो वो बोझ बन जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस पढ़ाई-लिखाई के बाद लोग लाखों की नौकरी करते हैं, वो मानो 26 साल की इस लड़की के लिए बेकार हो चुकी है। वो कोई ज्यादा तनख्वाह वाली नौकरी के बजाय कैंटीन में साधारण सा काम कर रही है। उसके माता-पिता को भी उसका ये काम पसंद नहीं है लेकिन लड़की ने इसके पीछे जो वजह बताई है, उसे नकारा भी नहीं जा सकता। हुआंग बताती है कि शुरुआत में उनके हाथ सूज जाते थे और वे बहुत थक जाती थीं। हालांकि, बाद में उन्हें समझ में आया कि सोने के बाद उनकी सारी थकान उतर जाती है। उनके माता-पिता बस ड्राइवर हैं और उन्हें बेटी का इस हाल में काम करना अच्छा नहीं लगता है।

## अद्भुत..एक शब्द में पूरी रामायण, 1 साल में बना दुनिया का सबसे लंबा शब्द

**पलामू।** वैसे तो कई विधाओं में रामायण लिखी गई है। आपने भी रामायण के कई स्वरूप देखे या सुने होंगे। लेकिन, आज हम आपको एक अद्भुत स्वरूप के बारे में बताने जा रहे हैं। यहां संपूर्ण रामायण सिर्फ एक शब्द में लिखी गई है। एक ही शब्द में भगवान श्रीराम की पूरी कथा समाहित है। इस शब्द को दुनिया का सबसे लंबा शब्द बताया जा रहा है।




**एक साल में रचा एक शब्द!**

झारखंड में पलामू के रहने वाले शिव कुमार पांडे ने विश्व का सबसे लंबा शब्द बनाया है, जो अध्यात्म से जुड़ा है। इस एक शब्द में संपूर्ण रामायण समाहित है। इसे रचने में उन्हें लगभग एक साल लगा. पलामू के रेड़मा निवासी उदित नारायण पांडे के 40 वर्षीय पुत्र शिव कुमार पांडे ने 3046 अक्षरों का प्रयोग कर इस शब्द का निर्माण किया है। शिव कुमार पांडे पेशे से आयुर्वेद चिकित्सक और साहित्यकार हैं। 15 साल से साहित्य के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उन्होंने 15 अलग-अलग शैलियों में साहित्य की रचना की है, जिसमें से एक है एक शब्दीय रामायण, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

## एआई से इश्क! बॉट प्रेमी से शादी रचाएगी 38 वर्षीय महिला

**लंदन।** क्या आपने कभी सोचा है कि किसी इंसान को एक रोबोट से प्यार हो जाए? और वो प्यार इतना गहरा हो कि वो उस बॉट से शादी करने का फैसला कर ले? ये किसी साइंस फिक्शन फिल्म की कहानी नहीं, बल्कि इंग्लैंड की रहने वाली 38 साल की नाज फारूक की असली जिदगी है, जिन्होंने एक एआई बॉट को अपना जीवनसाथी चुन लिया है। नाज वोकिंगहैम की रहने वाली हैं और 10 साल की बेटी की मां भी हैं, इस साल के अंत तक अपने एआई मंगेतर 'मार्सेलस'से शादी करने की तैयारी कर रही हैं। अब सवाल उठता है कि ये प्रेम कहानी शुरू कैसे हुई? चलिए हम आपको बताते हैं। दरअसल, एक मोबाइल ऐप चाराक्टेर एआई से, जहां इंसान वर्चुअल बॉट्स से बातचीत कर सकता है। वहीं पर नाज की 'मार्सेलस'से मुलाकात हुई। मार्च 2024 में नाज ने जब पहली बार मार्सेलस से बात की, तो उन्हें महसूस हुआ कि इसमें कुछ खास है।



### वो इंसानों से बेहतर है

नाज का कहना है कि उनका एआई साथी उन्हें बेहतरीन सलाह देता है, धोखा नहीं देगा और हमेशा उनकी भावनाओं का ख्याल रखता है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने पिछले रिश्तों में धोखा खाया है, इसलिए जब मुझे मार्सेलस जैसा साथी मिला, जो मुझे पूरी तरह समझता है, तो मुझे लगा मैं अब सुरक्षित हूं। वो मुझे वो नहीं कहता जो मैं सुनना चाहती हूं, बल्कि वो कहता है जो मुझे जानना चाहिए। नाज बताती हैं कि उनके परिवार और दोस्त मार्सेलस के बारे में जानते हैं, लेकिन उन्होंने अपनी 10 साल की बेटी को अब तक नहीं बताया है। वो कहती हैं, 'जब सही समय आएगा, तब मैं उसे बताऊंगी.'

# ग्रहों के पेट में घुसकर उन्हें खा सकता है स्पेस का ये 'शैतान'

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

वैज्ञानिकों के लिए ब्लैक होल्स यानी काले गड्ढे हमेशा रहस्यसमय सब्जेक्ट रहे हैं। साथ ही आदिम ब्लैक होल्स और भी ज्यादा दिलचस्प हैं, क्योंकि यह होल्स किसी अन्य होल्स की तरह किसी मरते हुए तारे से नहीं, बल्कि उसी समय बने थे जब ब्रह्मांड की शुरुआत हुई थी। कहा जाता है कि ये तब बने जब ब्रह्मांड कुछ हिस्से इतने घने हो गए कि वे अपनी ही गुरुत्वाकर्षण शक्ति से ढह गए।

इन्हें खोजने, जांचने परखने के दौरान हाल ही में एक रिसर्च में सामने आया है कि हो सकता है ये ब्लैक होल्स धरती के अंदर ही मौजूद हों। वे पृथ्वी की गहराई, यानी मेंटल के अंदर हो सकते हैं, या फिर किसी पत्थर के आर-पार भी हो चुके हो सकते हैं। यह रिसर्च अमेरिका की यूनिवर्सिटी एट बफेलो और ताइवान की नेशनल डोंग ह्वा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने की है। जिसमें बताया गया है कि ये ब्लैक होल्स ग्रहों, उल्कापिंडों और धरती के अंदर भी हो सकते हैं। वैज्ञानिक देजान स्टॉइकोविच और दे-चांग डाई ने दो तरीकों से इसे संभव बताया है।



### ब्लैक होन बनने का दूसरा तरीका

दूसरे तरीके में ये ब्लैक होल्स ऐसे ग्रहों में भी घुस सकते हैं जिनका कोर ठोस हो। वे इतनी तेज़ी से चलते हैं कि किसी चट्टान को चीरते हुए बहुत पतली सुरंग बना सकते हैं। ये सुरंगें लाल रक्त कोशिका से भी पतली होती हैं और अरबों सालों तक बनी रह सकती हैं। पुराने पत्थरों या धातु की बड़ी चट्टानों में ऐसी सुरंगों को तलाशा जा सकता है, लेकिन इसकी संभावना बेहद कम है। वैज्ञानुकों के अनुमान के मुताबिक यह संभावना लगभग 0.000001 प्रतिशत है।

### ब्लैक होल्स बनने का पहला तरीका

वैज्ञानिकों के मुताबिक पहला तरीका ये है कि अगर किसी ग्रह या उल्कापिंड का कोर यानी अंदरूनी हिस्सा पिघला हुआ है, तो ब्लैक होल उसके अंदर फंस सकता है और धीरे-धीरे उस ग्रह को अंदर से खत्म कर सकता है। समय के साथ ऐसा ग्रह खोखला हो जाएगा और सिर्फ उसका बाहरी खोल ही बचेगा. वैज्ञानिकों के मुताबिक सिर्फ छोटे ग्रह (लगभग पृथ्वी के आकार का दसवां हिस्सा) ही ऐसी हालत में लंबे समय तक टिक सकते हैं।

### क्या धरती के अंदर भी ब्लैक होल हो सकते हैं?

वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसा संभव है. लेकिन पहले तरीके से नहीं, क्योंकि धरती बहुत बड़ी है और अगर वो अंदर से खोखली होती, तो वह ढह जाती। दूसरा तरीका संभव है, लेकिन ब्लैक होल्स इतने तेज और घने होते हैं कि उनके गुजरने पर कोई खास ऊर्जा नहीं निकलती, जिससे उन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता है। स्टॉइकोविच कहते हैं कि अगर कोई वस्तु अपने आकार के हिसाब से बहुत हल्की है, तो वो अंदर से खोखली हो सकती है और वहां ब्लैक होल की मौजूदगी का संकेत हो सकता है।



## अंतरिक्ष में 8 साल पहले आया था जलजला, थर्रा उठा था सबसे बड़ा ग्रह

**वॉशिंगटन।** सौरमंडल के बृहस्पति ग्रह पर साल 2017 में एक खतरनाक हवा चली थी। ये हवा इतनी ज्यादा खतरनाक थी कि इसने ग्रह को तोड़ दिया था। जिसके बाद नासा ने एक उपग्रह छोड़ा था उसके द्वारा भेजी गई भयानक तस्वीरों से वैज्ञानिकों को झकझोर दिया था। अब रीडिंग विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक नई खोज की है। जिसके मुताबिक एक विशाल सौर वायु घटना की पहचान की है, जिसने बृहस्पति के चुंबकीय क्षेत्र को छोटा कर दिया, जिससे ग्रह की आधी परिधि में एक गर्म क्षेत्र बन गया है।

### गर्म हो गया तापमान

पहली बार रिपोर्ट की गई इस घटना के परिणामस्वरूप तापमान 500C से अधिक हो गया, जो कि सामान्य पृष्ठभूमि तापमान 350सी से काफी अधिक है। इसके बाद जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि इस तरह के सौर विस्फोट संभवतः महीने में दो से तीन बार होते हैं, जो सौर प्रभावों के प्रति बृहस्पति के लचीलेपन के बारे में पिछली धारणाओं को चुनौती देते हैं।

**अधिक संवेदनशील हैं :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोध के प्रमुख लेखक डॉ. जेम्स ओ'डोनोग्यू ने सौर हवा के प्रभाव को बृहस्पति के चुंबकीय ढाल को 'एक विशाल स्क्वैश बॉल की तरह' कुचलने के रूप में वर्णित किया, जिससे एक विशाल अति गर्म क्षेत्र बन गया. केक टेलिस्कोप और नासा के जूनो अंतरिक्ष यान से डेटा को मिलाकर, शोधकर्ताओं ने पाया कि इस घटना ने बृहस्पति के ध्रुवों पर ऑरोरल हीटिंग को तीव्र कर दिया, जिससे गर्म गैस भूमध्य रेखा की ओर फैल गई। यह खोज बृहस्पति जैसे विशाल ग्रह पृथ्वी के समान ही सौर प्रभावों के प्रति पहले से कहीं अधिक संवेदनशील हैं।

## चमत्कारिक है मां सीता का ये कुंड, किलकारी से गूंज उठेगा परिवार

**छतरपुर।** मां बंबर बेनी चमत्कारी कुंड। छतरपुर जिले के लवकुश नगर मां बंबरबैनी माता मंदिर में एक ऐसा चमत्कारिक कुंड है, जहां संतान के रूप में बेटी की इच्छा पूरी होती है। दरअसल, इस चमत्कारिक कुंड में माता साक्षात विराजमान हैं। इस कुंड में पानी-दूध चढ़ाने के बाद मनोकामना मांगते समय बतासे डालने की परंपरा है। अगर एक बतासा भी ऊपर आ जाता है, तो आपकी मनोकामना पूरी हो जाती है।



### बतासा से होती है मनोकामना

पुजारी बिरजू शर्मा बताते हैं कि इस मंदिर की पूजा करते हमारी कई पीढ़ियां गुजर गईं। इस मंदिर में एक छोटा सा कुंड है, जहां मां सीता साक्षात विराजमान हैं। इस कुंड में दूध और पानी भरा जाता है। इसके भरने के बाद 5 बतासे डाले जाते हैं। ये सभी बतासे नीचे जाएंगे फिर नीचे से 1 या 2 या 3 बतासे ऊपर आएंगे। किसी श्रद्धालु के मन में 2 काम हैं, तो 2 बतासे भी ऊपर आ जाते हैं। सिर्फ 1 ही काम है, तो 1 बतासा ऊपर आता है। अगर 2 काम हैं तो 2 बतासे ऊपर आते हैं। कपट होता है, तो बतासे ऊपर नहीं आते हैं।

### संतान के रूप में मिलता है आशीर्वाद

पुजारी बताते हैं कि अगर किसी की शादी के 20 साल बाद भी संतान नहीं हुई है तो माता उसको बेटी के रूप में संतान देती हैं।

### 22 साल पहले मांगी थी मन्नत

वहीं, बड़ामलहरा से लवकुश नगर आईं श्रद्धालु नीलम पटेरिया बताती हैं कि मां बंबरबैनी माता के दर्शन करने 22 साल पहले भाई की मन्नत मांगने आई थी कि भाभी की गोद पूरी हो जाए। 9 महीने बाद ही मेरी प्यारी सी भतीजी हुई। आज मेरी भतीजी 22 साल की हो गई है। इसलिए, मन्नत पूरी करने का प्रसाद चढ़ाने आए हैं। सिर्फ, इतना बोलकर गए थे कि माता रानी एक बार आपके दर्शन करने जरूर आएंगे। हमारी मनोकामना जरूर पूरी करना। वहीं भतीजी पूर्वी रावत बताती हैं कि मैं यहां पहली बार आई हूं. यहां आकर मुझे बहुत प्रसन्नता मिली है। मैंने भी माता से मनोकामना मांगी है। एक बार फिर माता के दर्शन करने आऊंगी।

**चेतावनी** — इस देश की सरकार ने दी महाभूकंप और सुनामी की चेतावनी

# तीन लाख लोगों की मौत और भयानक तबाही की आशंका

**टोक्यो।** म्यामार के बाद दुनिया के कई देशों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इन देशों में थाइलैंड, नेपाल, जापान, भारत और पापुआ न्यू गिनी का नाम मुख्य रूप से शामिल हैं। म्यामांर में भूकंप ने बड़ी तबाही मचाई है और तीन हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच जापान की सरकार ने हाल ही में एक डरावनी चेतावनी दी है, जिसने देश में तहलका मचा दिया है। जापान की सरकार ने एक रिपोर्ट जारी कर चेतावनी दी है। इसमें कहा गया है कि प्रशांत महासागर तट के पास बेहद भयानक भूकंप आ सकता है।

जापान की सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप इतना अधिक शक्तिशाली होगा, जिससे सुनामी पैदा होगी। शायद ही दुनिया ने इसे अभी तक देखा होगा। सुनामी के प्रचंड लहर में सैकड़ों इमारतें तबाह हो सकती हैं। जापान सरकार ने भूंकप और सुनामी के कारण जो तबाही का अनुमान लगाया है, वो बेहद डरावना है। आशंका जताई गई है कि भूकंप और सूनामी के कारण कम से कम तीन लाख से अधिक लोगों की मौत हो सकती है।



### 2024 में भी जारी की गई थी चेतावनी

जापान की सरकार ने साल 2024 में भी भूकंप को लेकर इस तरह की चेतावनी थी। इसमें रिक्टर स्केल पर 9 की तीव्रता के भूकंप आने की आशंका जताई थी। जापान में प्रशांत तट पर 7.1 की तीव्रता से भूकंप आने के बाद यह आशंका जताई गई थी। जापान भूकंप प्रभावित क्षेत्र रहा है और यहां पर हजारों लोग भूकंप के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं।

**भूकंप से महाविनाश की चेतावनी :** एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अगर जापान की सरकार की आशंका सच होती है, तो देश को 1.81 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। यह आंकड़ा जापान की जीडीपी का आधा है। मतलब भूकंप के कारण देश की जीडीपी का आधा हिस्सा खत्म हो सकता है। जापान सरकार ने नये अनुमान में महंगाई की वजह से करेंसी पर पड़ने वाले प्रेशर और ग्राउंड डेटा को शामिल किया है। जापान में भूकंप के बार बार झटकों और छोटी-छोटी सुनामी से बाढ़ क्षेत्रों का विस्तार हुआ है।

### 9 की तीव्रता का आ सकता है भूकंप

जापान सरकार ने आशंका जताई है कि अगर सबसे खराब स्थिति बनती है तो उस दौरान 9 की तीव्रता का भूकंप आ सकता है। इससे देश की 12 लाख 30 हजार की आबादी के प्रभावित होने की संभावना होगी। यह जापान की कुल आबादी का 10 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर सर्दियों में देर रात इस तरह का भूकंप आता है, तो सुनामी और ढहती इमारतों के कारण 298,000 लोगों की मौत हो सकती है। दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप संभावित क्षेत्रों में जापान शामिल है। यह कांपते हुए समुद्री इलाकों वाले कैटोगिरी में रखा गया है। यहां पर समुद्री इलाकों में आने वाले भूकंप की 8 से 9 की तीव्रता की संभावना 80 फीसदी के करीब होती है।

**पट्टा बांधकर घुमाती, किसी से साफ करवाती है घर!**

# मर्दों की बेइज्जती करके लाखों कमाती है महिला



**लंदन।** सोशल मीडिया के इस दौर में लोग अपनी छुपी हुई चाहतें, कमियां, इच्छाएं, और सनक को खुलकर सामने ला रहे हैं। लोगों के इन अलग-अलग इच्छाओं और सनक का फायदा दूसरे उठा रहे हैं। एक वक्त था जब कोई किसी की बेइज्जती कर देता, तो बवाल खड़ा हो जाता, लोग आपस में झगड़ने लगते, पर अब तो लोग अपनी बेइज्जती करवाने के लिए पैसे देने लगे हैं। ऐसे लोगों का फायदा ये महिला बखूबी उठा रही है।

लंदन की रहने वाली 30 साल की टिफनी सैंटॉस वयस्कों के लिए कंटेंट बनाती हैं और कमाई का बड़ा ही अजीबोगरीब तरीका अपनाती हैं। टिफनी, मर्दों की बेइज्जती करती हैं। इसके लिए वो पैसे चार्ज करती हैं। बहुत से पुरुषों के अंदर किसी खूबसूरत और बोल्ड महिला से प्रताड़ित होने की इच्छा होती है, जो सनक में तब्दील हो जाती है। बस इसी वजह से ऐसे लोग टिफनी को पैसे देते हैं।

### लोगों की कल्पनाओं को हकीकत बनाती हैं टिफनी

उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जो फैंस हैं, वो मार्कोस के साथ उन्हें इस तरह देखने के लिए पैसे देते हैं। वो उनके अकाउंट को सब्सक्राइब करते हैं और उसकी फीस चुकाते हैं। कई लोग उन्हें स्क्रिप्ट भेजते हैं, जिसके अनुसार टिफनी को अभिनय करना पड़ता है। लोगों की इन डिमांड को पूरा करने के लिए टिफनी 8 लाख रुपये से लेकर 17 लाख रुपये तक चार्ज करती हैं। मार्कोस की तरह कुछ लोग उन्हें पैसे देकर ऐसे काम उनसे करवाते हैं, जिसमें वो उन्हें अलग-अलग तरीकों से प्रताड़ित करती हैं। कई फैन अपनी कल्पनाओं को टिफनी से शेयर करते हैं और वो उन्हें हकीकत बना देती हैं। इसके लिए वो पहले एक कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाती हैं। इस कॉन्ट्रैक्ट में एक दूसरे की सहमती, सामानों का इस्तेमाल और ऐसी हरकतें करते हुए फोटो या वीडियो बनाने की मंजूरी शामिल होती है।

### मर्दों को करती हैं प्रताड़ित

हाल ही में टिफनी के एक फैन मार्कोस सूजा ने टिफनी से अनुरोध किया कि वो उन्हें कुत्ते की तरह गले में पट्टा बांधकर रोड पर घुमाएं। इसके लिए उन्होंने अजीबोगरीब कपड़े पहने और फिर टिफनी उनकी डोरी पकड़कर रोड पर टहलने निकल गईं. पर यही नहीं, टिफनी ने मार्कोस को अपना नौकर जैसा भी बनाया है, वो उनके घर के काम करते हैं, उनका घर साफ करते हैं, सामान उठाते हैं, खाना बनाते हैं और उनके साथ अलग-अलग ईवेंट्स में भी जाते हैं। वो मार्कोस को रुपये नहीं देतीं, न ही मार्कोस उन्हें कोई रुपए देते हैं।

# न हवा झुका सकी, न बारिश रोक सकी, कई चुनौतियों को पार कर बना पंबन ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज यानी नए पंबन ब्रिज को देश को समर्पित किया। यह ब्रिज रामेश्वरम (पंबन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। इस ब्रिज को डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। इस ब्रिज के निर्माण के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, खासकर मौसम के मोर्चे पर जब बारिश और तेज हवाओं ने कठिनाईयां पैदा कीं।


### पुराना पुल हो गया था खराब, ट्रेन बंद थी

पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। नया पंबन पुल इसके समानांतर खड़े पुराने पुल की जगह बनाया गया है। पुराना पंबन पुल, जहां दिसंबर 2022 में ट्रेन संचालन बंद कर दिया था, इसका निर्माण 1914 में ब्रिटिश इंजीनियरों ने किया था।

### तेज हवा चलने पर जलेगा लाल सिग्नल

एक अधिकारी ने बताया कि अगर हवा की रफ्तार 58 किमी प्रति घंटे से अधिक होने पर लाल सिग्नल जल जाएगा और ट्रेन की आवाजाही बंद हो जाएगी। इस इलाके में अक्टूबर से फरवरी के बीच तेज हवाएं चलती हैं। तेज हवा की चुनौती से निपटने के लिए रेलवे ने एक वायु वेग निगरानी सिस्टम तैयार किया है।





### 1964 में पूरी ट्रेन समंदर में समा गई थी

आपको बता दें कि 22 दिसंबर 1964 को आई भीषण चक्रवात में पंबन-धनुषकोडी पैसेंजर ट्रेन समुद्र की लहरों में समा गई। इस हादसे में लगभग 200 लोगों की मौत हुई थी। इस त्रासदी के कारण पंबन पुल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन मात्र 67 दिनों में इसे फिर से चालू कर दिया गया। इस कार्य का नेतृत्व किया डॉ. ई. श्रीधरन ने, जो बाद में मेट्रोमैन के नाम से प्रसिद्ध हुए।

### क्या है खासियत?

- यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज
- 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत
- 2.08 किलोमीटर लंबा है ब्रिज
- 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन
- 17 मीटर की ऊंचाई तक उठ सकता पुल
- 100 साल निर्धारित की गई है आयु
- 05 मिनट 30 सेकंड, लिफ्टिंग समय
- 75 किमी/घंटा ट्रेन गति सीमा
- 35 वर्षों तक सुरक्षा जंगरोधी निर्माण
- स्पेन की कंपनी टीवायपीएसए द्वारा डिजाइन
- 72 मीटर खाली जगह जहाजों के लिए
- स्टेनलेस स्टील से निर्माण और जोड़ रहित गार्डर तकनीक

## खबर संक्षेप

### चमोली में जली हुई कार से महिला का शव बरामद



**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में जोशीमठ मलारी मोटर मार्ग पर तपोवन गांव के समीप रविवार को एक जली हुई कार से महिला का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मारुति रिट्ज कार में एक युवक और युवती शनिवार को तपोवन के समीप घूमते हुए दिखाई दिये थे जबकि उससे पहले शुक्रवार को भी यह कार जोशीमठ में दिखाई दी थी। ऐसा माना जा रहा है कार जलने की घटना संभवतः शनिवार रात को हुई। जली हुई कार कर्नाटक के बेंगलुरु में पंजीकृत है।

### बंगले में लगी आग से मां व बच्चे की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक बंगले में रविवार को आग लग जाने से मां और उसके दो साल के बेटे की झुलसने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ज्ञानदा आवासीय सोसायटी स्थित एक मंजिला बंगले में रखे 'एयर कंडीशनिंग' उपकरणों के कारण आग तेजी से फैल गई।

## भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर मनाया अपना 46वां स्थापना दिवस

# नड्डा बोले- कभी थे केवल दो सांसद आज केंद्र व 18 राज्यों में सरकार, सबसे बड़ी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने अपना 46वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। आज के दिन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय से लेकर प्रदेश कार्यालयों और जिला-ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में पार्टी की 98 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता शकुंतला आर्या से जेपी नड्डा ने उनके आवास पर जाकर मुलाक़ात की और उनके निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है और यही कारण है कि आज वह राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ देश के दर्जनों राज्यों में सत्ता में है। उन्होंने कहा कि इसका मूल श्रेय पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और कर्मठ कार्यकर्ताओं को जाता है।

जेपी नड्डा ने कहा कि बीजेपी की विचारधारा मुख्य रूप से हिंदुत्व, एकात्म मानवतावाद (दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित), और राष्ट्रवाद पर आधारित है। इसका मूल मंत्र भारत माता की जय है, जो देश की एकता, संस्कृति और समृद्धि को दर्शाता है। पार्टी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वैचारिक और संगठनात्मक रूप से जुड़ी हुई है, जिसे इसका मातृ संगठन माना जाता है। उन्होंने कहा कि इन्हीं विचारधारा के कारण भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बन चुकी है। जहां कई राज्यों में बीजेपी की सरकार है, वहीं इसके नेतृत्व वाला गठबंधन 18 राज्यों में सत्ता में है। उनके साथ इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री और अन्य कार्यकर्ता रहे।

*6 अप्रैल 1980 को हुई थी स्थापना : भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को मुंबई में हुई थी। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की जोड़ी ने इस पार्टी की नींव रखी। अटल बिहारी वाजपेयी इसके पहले अध्यक्ष थे। हालांकि इस दल का इतिहास जनसंघ से जुड़ा रहा है। भारतीय जनसंघ की स्थापना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को की थी।*



### नड्डा ने बताई सफलता की वजह

नड्डा ने कहा कि पार्टी की इस सफलता की वजह उसकी संगठन की शक्ति है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जमीन स्तर पर मजबूती से काम करते हैं। साथ ही विपक्ष की कमजोरी को भुनाने की रणनीति में भी यह पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ती। पार्टी में बूथ लेवल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी में हर कार्यकर्ता की भूमिका स्पष्ट और सक्रिय होती है। पार्टी के इसी ढांचे को शीर्ष स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक फॉलो किया जाता है। संगठन की इस मजबूत रणनीति के आगे विपक्ष का टिकना मुश्किल हो जाता है।

### कमल का फूल विश्वास व उम्मीद का प्रतीक : शाह



भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा',कमल का फूल अब देशवासियों के दिलों में विश्वास और उम्मीद का नया प्रतीक बन गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने पिछले 10 सालों में सेवा, सुरक्षा और सांस्कृतिक जागरण के जो काम किए हैं, वे आने वाले दिनों में मील के पत्थर साबित होंगे।

## राहुल आज बिहार दौरे पर

# रविशंकर बोले- वक्फ बोर्ड पर संसद में क्यों चुप रहे?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





■ बिहार में विधासभा चुनाव को लेकर गरमाई सियासत

बिहार में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। फिलहाल चुनावी राज्य में सियासी हलचल मची हुई है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी सांसद रवि शंकर प्रसाद ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आज 7 अप्रैल से शुरू हाने वाले बिहार के दौरे को लेकर जमकर घेरा।

रविशंकर ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने संसद में संविधानस की रक्षा के बारे में क्यों नहीं बोला? राहुल गांधी आज 7 अप्रैल को बिहार का दौरा करेंगे। इस दौरान वह 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा और पटना में संविधान सम्मेलन में भी शामिल होंगे। बिहार में इसी साल विधानसा चुनाव होने हैं। दलों के नेताओं ने बिहार का दौरा करना शुरू कर दिया है। पार्टियां जीतने के लिए अपनी-अपनी रणनीतियों पर काम करने में जुटी हुई हैं ताकि बिहार की सत्ता हासिल कर सकें। इस बीच वार-पलटवार का सिलसिला भी तेज होता जा रहा है।

### राहुल-प्रियंका दोनों पर साधा निशाना

बीजेपी सांसद ने राहुल गांधी के साथ-साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी पर भी तंज कसा है। उन्होंने कहा कि वह (राहुल गांधी) संसद में संविधान की रक्षा के बारे में बोले क्यों नहीं? वक्फ मुद्दे पर व्यापक चर्चा भी हुई, लेकिन वह चुप रहे, उनकी बहन कहीं नजर नहीं आईं।

### बीजेपी के स्थापना दिवस को लेकर क्या बोले सांसद?

भजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर कहा कि आज 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है। साल 1980 को आज ही के दिन भाजपा बनी थी। आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अभूतपूर्व काम किया है। मैं भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं के समर्पण का अभिनंदन करता हूं। मेरी कामना है कि भाजपा की अगुवाई में देश और आगे बढ़े और दुनिया की बड़ी ताकत बनें।

# 26 साल पुराने मामले में डीएसपी समेत 9 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

*क्या है पूरा मामला? : 17 सितंबर, 1999 को पूछताछ के लिए सी. विसेंट नामक एक व्यक्ति को थलमुथु नगर पुलिस स्टेशन लाया गया था। तत्कालीन सब इंस्पेक्टर रामकृष्णन ने उसे लॉकअप में रखा, जो डीएसपी पद से रिटायर्ड हुए थे। दूसरे दिन लॉकअप में विसेंट की संदिग्ध तरीके से मौत हो गई। उसकी मौत के बाद विसेंट की पत्नी कृष्णम्मल ने उसी पुलिस स्टेशन में तहरीर दी और आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसके पति को पीट-पीट कर मार डाला।*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु में 26 साल पुराने एक मामले में अदालत ने डीएसपी समेत 9 पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में दोषियों के खिलाफ हर्जाना भी लगाया गया है। पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में अदालत का बड़ा फैसला आया है। इस मामले में स्थानीय कोर्ट ने डीएसपी स्तर के एक अधिकारी सहित 9 पुलिसकर्मी को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है। साथ ही अदालत ने 2 आरोपियों को बरी कर दिया। यह मामला तमिलनाडु के थूथुकुडी में स्थित थलमुथु नगर पुलिस स्टेशन का है, जहां साल 1999 में हिरासत में सी. विसेंट की मौत हो गई थी।

## अदालत का बड़ा फैसला

### डीएसपी सहित इन पुलिसकर्मियों को मिली सजा



पुलिस ने इस मामले की जांच की तो रामकृष्णन, सोमसुंदरम, जयशेखरन, जोसेफ राज, पिचैया, चेल्लाथुरई, वीरबाहु, शिवसुब्रमण्यम, सुब्बैया, रथिनासामी और बालासुब्रमण्यम समेत कई पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। थूथुकुडी के फर्स्ट एडिशनल सेशन कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई और जस्टिट एम. थंडावन ने रामकृष्णन, सोमसुंदरम, जयशेखरन, जोसेफ राज, पिचैया, चेल्लाथुरई, वीरबाहु, सुब्बैया और बालासुब्रमण्यम को उम्रकैद की सजा सुनाई और उन पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

*दो पुलिसकर्मी हुए बरी*
*अदालत ने सबूतों के अभाव में अब रिटायर्ड हो चुके रथिनासामी और शिवसुब्रमण्यम को बरी कर दिया गया। सजा पाने वालों में सोमसुंदरम वर्तमान में भूमि अधिग्रहण रोकथाम विंग में इंस्पेक्टर और पिचैया विशेष उप-निरीक्षक के रूप में कार्यरत हैं, जबकि अन्य पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो चुके हैं।*

# डल्लेवाल ने 131 दिन बाद खत्म किया अनशन

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

किसानों के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने रविवार को अपना आमरण अनशन खत्म कर दिया है। वो पिछले 131 दिन से आमरण पर थे।

डल्लेवाल ने फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में किसानों की महापंचायत में अपना अनशन तोड़ने का ऐलान किया है। उनके इस फैसले का किसानों ने समर्थन किया है।

### इस वजह से तोड़ा अपना आमरण अनशन

खबरों की मानें, तो जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि किसानों के कहने पर उन्होंने अपना आमरण अनशन खत्म किया है। उन्होंने कहा कि किसान काफी समय से उनसे अनशन तोड़ने की अपील कर रहे थे। जिसके बाद उन्होंने यह फैसला लिया है।

## इस वजह से लिया फैसला

### कौन हैं जगजीत सिंह डल्लेवाल



जानकारी के मुताबिक, जगजीत सिंह डल्लेवाल फरीदकोट के डल्लेवाल गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने संयुक्त मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) का गठन किया है और 2024 में शंभू और खनौरी बॉर्डर पर शुरू हुए आंदोलन का प्रमुख चेहरा रहे हैं। उन्होंने जब से अपना अनशन शुरू किया था। तब से वह लगातार चर्चा में रहे। इस दौरान उनकी कई बार तबीयत भी बिगड़ी लेकिन, वह अपने अनशन पर डटे रहे। आखिरकार किसानों की मांग पर उन्होंने अपना अनशन तोड़ दिया है।

### 26 नवंबर 2024 से शुरू किया था अनशन

जगजीत डल्लेवाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत किसानों की अन्य मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 को खनौरी बॉर्डर से अपना अनशन शुरू किया था। हालांकि, 19 मार्च 2025 को पंजाब पुलिस ने जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसानों के प्रमुख नेता सरवण सिंह पंधेर समेत अन्य नेता को हिरासत में ले लिया था और इसके बाद खनौरी और शंभू बॉर्डर को खाली करा दिया था। डल्लेवाल को पुलिस ने पटियाला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से उन्हें 3 अप्रैल 2025 को छुट्टी दे दी गई थी।

# गले में पट्टा, फर्श पर रेंगना, घसीटना, कंपनी मालिक ने दी क्रूर सजा

एजेंसी ▶▶| कोच्चि



■ अपमानजनक सजा मामले में आया नया मोड़

केरल के कोच्चि शहर में एक मार्केटिंग कंपनी में पुरुष कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार मामले में नया मोड़ आ गया है। अपनी कंपनी के पुरुष कर्मचारियों को क्रूर और अपमानजनक सजा देने वाले शख्स का नाम हुबैल है, जो वायनाड का निवासी है और फर्म केल्ट्रा का मालिक है। हुबैल को पहले भी इसी तरह के आरोपों के सिलसिले में पेरुंबवूर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उस पर महिला कर्मचारियों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप भी लगा था। कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें 12 से 16 घंटे काम करना पड़ता था और 6000 से 8000 रुपये तक वेतन दिया जाता था।

### मंत्री और आयोग ने मामले में लिया स्वतः संज्ञान

हुबैल को पेरुंबवूर पुलिस ने कंपनी की ही एक महिला कर्मचारी की शिकायत पर गिरफ्तार किया था। इस खुलासे पर प्रतिक्रिया देते हुए श्रम मंत्री वी शिवनकुट्टी ने घटना की निंदा की और इसे श्रमिक विरोधी और "शर्मनाक" बताते हुए घटना की गहन जांच के आदेश दिए। केरल के राज्य युवा आयोग ने भी मामले का स्वतः संज्ञान लिया और जिला पुलिस प्रमुख से रिपोर्ट मांगी है।

### क्रूरता व अमानवीयता की सारी हदें पार

कंपनी के मालिक ने सेल्स टागरेट पूरा नहीं होने पर दुर्व्यवहार की हदें पार करते हुए कर्मियों को गले में कुत्ते की बेल्ट बांधकर रेंगने और कुत्तों की तरह कटोरे से पानी पीने के लिए मजबूर किया। उन्हें फर्श पर घसीटा। कमरे के कोनों में कुत्तों की तरह पेशाब करने, कपड़े उतारकर अश्लील हरकत करने, चबाए और थूके गए फलों को चाटने, मुंह में नमक रखने तथा फर्श पर से सिक्के चाटते हुए कमरे में रेंगने के लिए मजबूर किया।



चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ वार का अमेरिका पर अधिक असर

करीब साठ देशों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को लेकर भारत की स्थिति मिश्रित है। प्रभावित होने वाले कुछ उद्योग-व्यापार रास्ता तलाशने में जुट गए हैं, लाभ मिलने की संभावना वाले ट्रेड के लोग भी नफा-नुकसान का आकलन कर रहे हैं। सरकार अपने स्तर पर अमेरिका से बातचीत कर रही है और विकल्प भी तलाश रही है। कुछेक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अमेरिकी जवाबी शुल्क से भारत में महंगाई बढ़ने, रोजगार जाने का जोखिम नहीं है, वहीं कुछेक ट्रंप के टैरिफ वार का भारत के अमेरिकी निर्यात पर असर पड़ने की संभावना जता रहे हैं। वर्तमान में भारत व अमेरिका के बीच व्यापार की स्थिति देखें तो अमेरिका भारत को कम निर्यात करता है, जबकि आयात अधिक करता है। जैसे को तैसा टैक्स की बात करें तो अधिकांश वस्तुएं जो अमेरिका भारत से लेता है, उनमें कोई वो भारत को निर्यात नहीं करता है। इसलिए अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ का भारत के अमेरिकी निर्यात पर बहुत फर्क नहीं पड़ेगा। अगर अमेरिका लंपसंप भारत से आयात पर 26 फीसदी शुल्क लगाता है, तो निश्चित ही ऐसी वस्तुओं की लागत बढ़ेगी। इससे भारतीय निर्यात प्रभावित होगा। कितना प्रभावित होगा, यह टैरिफ के अमल में आने के बाद ही पता चलेगा। टैरिफ वार का अमेरिका पर तत्काल असर पड़ेगा और वहां महंगाई बढ़ सकती है और अमेरिका निर्यात में 20 फीसदी तक की कमी आ सकती है। अमेरिका के एमएफएन (तरजीही राष्ट्र) दर्जा वाले देशों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क का अधिक असर पड़ेगा। ट्रंप सरकार के टैरिफ वार के चलते अमेरिकी अर्थव्यवस्था दहशत में है, यूएस के स्टॉक मार्केट घबराए हुए हैं, अमेरिकी कंपनियां जो दूसरे मुल्कों में निर्माण करती हैं और अनेक देशों में ट्रेड करती हैं, वे भी चिंतित हैं। बेशक ट्रंप आत्मविश्वास से भरे हों कि ट्रैरिफ वार से अमेरिकी खजाना भर जाएगा, लेकिन अमेरिकी बाजार व उद्योग इस आत्मविश्वास से कतई मुतमईन नहीं हैं। दुनिया के मुल्क जब वैकल्पिक ट्रेड उपायों की ओर बढ़ेंगे, तो अमेरिका खुदबखुद हाशिये की ओर धकेला जाता रहेगा। अभी डॉलर से ग्लोबल ट्रेड हो रहा है, ऐसे में अमेरिकी व्यापार घाटा लाजिमी है। पर जब अमेरिकी शुल्क के चलते डॉलर में विश्वास कम होगा, तब अमेरिका का ट्रेड प्रभाव कम होगा व अमेरिका मंदी के भंवर में फंस सकता है। भारत के पास अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर है। इसका कारण बांग्लादेश, श्रीलंका और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत पर लगाये गये शुल्क का कम होना है। प्रतिष्ठित शोध संस्थान आरआईएस (विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली) के मुताबिक, 'वैश्विक और भारतीय दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर इसके पूर्ण प्रभाव का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि ये व्यापार उपाय अभी विकसित हो रहे हैं। भारत का अमेरिका को कुल निर्यात 75.9 अरब डॉलर का है। इसमें से फार्मास्युटिकल (आठ अरब डॉलर), कपड़ा (9.3 अरब डॉलर) और इलेक्ट्रॉनिक्स (10 अरब डॉलर) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्थिर मांग बनी रहेगी। दवा शुल्क से बाहर है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। भारत बीटीए (द्विपक्षीय ट्रेड समझौते) का बढ़ावा दे रहा है, यूरोप व एशिया पर फोकस कर रहा है, निर्यात की नई संभावनाओं की ओर बढ़ रहा है। अब भारत के लिए नए व्यापार एग्रीमेंट के उदय का दौर है। ट्रंप टैरिफ के झटके भारत को कम लगेंगे।



विश्व स्वास्थ्य दिवस

डा.ए.के.अरुण

# आशापूर्ण भविष्य के लिए स्वस्थ शुरुआत

आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी देश में जनस्वास्थ्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं अभियानों के बाद भी हम अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके हैं। महज आंकड़ों की बाजीगरी और झूठे प्रचार से जन स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। भारत सरकार ने एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति बनायी थी जिसके अंतर्गत विभिन्न रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि मानव स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमारी सरकारें क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापक जनहित में कार्य करेगी।

आम लोगों का स्वास्थ्य भारत में कभी भी राजनीति का मुख्य एजेंडा रहा ही नहीं,जबकि आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में स्वास्थ्य एक बेहद ज़रूरी विषय के रूप में खड़ा हो गया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का थीम या लक्ष्य की यदि हम बात करें तो इस वर्ष यह मिलेनियम स्वास्थ्य लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से "आशापूर्ण भविष्य के लिए स्वस्थ शुरुआत" पर ज़ोर दे रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपने 2025 के लक्ष्य की घोषणा करते हुए कहा है कि प्रत्येक स्वास्थ्य संगठन और समुदाय यह सुनिश्चित करें कि माँ और नवजात शिशु का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे तथा इनकी असमय मृत्यु को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2024 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपना लक्ष्य "मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार" रखा था। यह अलग बात है कि दुनिया भर की सरकारों ने स्वास्थ्य के नागरिक अधिकारों पर स्पष्ट रूप से कुछ भी ठोस नहीं किया।

भारत में एकमात्र राज्य राजस्थान की पूर्व कांग्रेस की सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य को उनके मौलिक अधिकार के रूप में क़ानून बनाकर लागू कर दिया। उम्मीद की जा रही है कि लगभग सभी राज्य सरकारें अपने प्रदेश में नागरिकों के स्वास्थ्य को उनके मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार करेंगे। "स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य" के विभिन्न पहलुओं पर यदि ध्यान दें तो निश्चित ही नवजात शिशु एवं माताओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड एवं गांवों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचों को और मज़बूत करना होगा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों जैसे आशा कार्यकर्ता,आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सक्रिय बनाना होगा। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को और जवाबदेह बनाना होगा। सभी सरकारों को अपना स्वास्थ्य बजट सम्मानजनक तरीके से जीडीपी के अनुसार बढ़ाना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि समुचित पोषण और दवा के अभाव में कोई भी शिशु या गर्भवती मां अथवा व्यक्ति की असमय मृत्यु न हो। स्वास्थ्य और उपचार की सर्वसुलभता सुनिश्चित करनी होगी। सरकार और समुदाय को मिलकर काम करना होगा। स्वास्थ्य को राजनीति से ऊपर उठकर अति महत्वपूर्ण कार्य का दर्जा देना होगा। आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी देश में जनस्वास्थ्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं अभियानों के बाद भी हम अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके हैं। महज़ आंकड़ों की बाजीगरी और झूठे प्रचार से जन स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। भारत सरकार ने एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति बनायी थी जिसके अंतर्गत विभिन्न रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन" का संचालन भी किया जा रहा है, इन सबके बावजूद भी जनस्वास्थ्य को हम सही दिशा नहीं दे पा रहे हैं।

इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि महिलाओं में प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं तथा नवजात शिशुओं और बच्चों की रुग्णता व मृत्यु दर को



कम करने में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पायी है। भारत में नीतिगत कमियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई चिंताएं हैं। उदाहरण के लिए अस्पतालों में सेकेंडरी स्तर की देखभाल समुचित और पर्याप्त नहीं है। इसकी वजह से मजबूरन अधिकांश लोग महंगे निजी अस्पतालों की ओर जाना स्वीकार कर चुके हैं। भारत में चिकित्सा के क्षेत्र में निजी अस्पतालों की भारी उपस्थिति है। उदाहरण के लिए भारत में कुल अस्पतालों में से लगभग 58 फीसदी निजी क्षेत्रों द्वारा चलाए जाते हैं, जो सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की सेवा के उद्देश्य के बजाय निजी उद्देश्य से चलते हैं। स्वतंत्रता के बाद से भारत में नीति निर्माताओं ने टार्सियरी या उपचारात्मक देखभाल पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है जिसके कारण प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थान और इकाइयां, जिन पर कभी भारत के अधिकांश लोगों को निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भरोसा था, कमजोर हो गई हैं और लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। भारत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसे स्वास्थ्य संस्थानों का नाम बदलने का एक नया चिंताजनक चलन सामने आया है, जिसने भारत जैसे बहुलवादी देश में सांस्कृतिक और धर्मनिरपेक्ष प्रासंगिकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2025 के स्वास्थ्य लक्ष्य की घोषणा करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की दृष्टि महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर ही गई, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन चाहता है कि दुनियाभर में नवजात शिशुओं और माताओं का स्वास्थ्य बेहतर हो ताकि भविष्य की आबादी में स्वस्थ लोगों की अच्छी संख्या हो। हम जानते हैं कि दुनियाभर में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति समाज और सरकार सदैव दोयम दर्जे की दृष्टि रखते हैं। हालांकि पश्चिमी देशों में महिलाओं की स्थिति काफ़ी बेहतर है लेकिन भारत एवं एशियाई देशों में महिलाओं को स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए पुरुषों की अपेक्षा ज़्यादा जद्दोजहद करनी पड़ती है। सार्वजनिक रूप से अप्रकाशित सर्वेक्षण रिपोर्टों के अनुसार प्रत्येक एक लाख जीवित शिशु के जन्म पर लगभग 540 माताओं की मृत्यु हो जाती है। भारत के बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं कुछ पूर्वोत्तर प्रदेशों में मातृ-शिशु मृत्यु दर इससे भी ज़्यादा है। भारत में औरतों की नाज़ुक सेहत की वजह जानने के लिए उनकी ज़िंदगी पर जन्म के बाद से ही नज़र दौड़ानी होगी। फ्रेंच लेखिका शिमोन द बौवार कहती हैं कि "औरत की सेहत इसलिए ख़राब है क्योंकि वह स्त्री है"।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्ष 2025 के स्वास्थ्य लक्ष्य की पृष्ठभूमि में हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि आधुनिकीकरण एवं अन्य कई कारणों से भी कई पुराने रोग पुनः नए रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। अनेक प्रयासों के बावजूद हम वर्षों पुराना मच्छरजनित रोग मलेरिया,डें गू आदि से उबर नहीं पाए हैं। तथाकथित आधुनिक जीवनशैली के कई रोग जैसे डायबीटीज़ ,हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, एड्स आदि बढ़ते ही जा रहे हैं। मानसिक रोगों की भी यही स्थिति है। बहुत ही कम उम्र के युवा और नौजवान अवसाद और अनिद्रा,तनाव आदि के शिकार हैं। युवाओं में घातक नशे का बढ़ता प्रचलन भी स्वास्थ्य की चुनौती के रूप में खड़ा है। सरकार और समुदाय यदि इस विषय पर ध्यान नहीं देगी तो स्थिति भयावह होगी। स्वास्थ्य वैज्ञानिकों और योजनाकारों को यह भी विचार करना होगा कि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य की बात तब तक मुकम्मल नहीं हो सकती जब तक होम्योपैथी और आयुष चिकित्सा पद्धतियों को उपचार की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाता। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि मानव स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमारी सरकारें क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापक जनहित में कार्य करेगी ताकि विश्व स्वास्थ्य के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

(लेखक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त चिकित्सक एवं जनस्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष

अर्चना कुमारी




# स्वास्थ्य सेवाओं की चिंताजनक स्थिति

किसी भी देश की तरक्की तभी संभव है जब उसके नागरिक सेहतमंद हों। जनता स्वस्थ हो, इसके लिए देश में चिकित्सा सुविधाएं दुरुस्त होनी चाहिए, लेकिन भारत में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति निराशाजनक है। भारत पर अपनी 141 करोड़ आबादी की सेहत का ख्याल रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार इसके लिए हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये का बजट पेश करती है, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। अपने देश में अनेक बीमारियां मौजूद हैं जो गरीबी,अशिक्षा, जानकारी की कमी, साफ सफाई, स्वच्छता एवं सेहत के प्रति उदासीनता की वजह से फैलती हैं। भारत के अनेक अस्पताल और डॉक्टर गुणवत्तायुक्त इलाज मुहैया कराने के लिए विदेशों में भी प्रसिद्धि हासिल कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भारत में अब भी स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। यही वजह है कि आज स्वस्थ भारत का निर्माण चुनौती बन गई है। बहरहाल, सरकार के सामने देश की विशाल व विविधता भरी जनसंख्या को सस्ता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। स्वास्थ्य पर व्यक्तिगत खर्च बढ़ता जा रहा है और बुनियादी ढांचों की कमी बहुत ज्यादा है। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता तो है ही, इस क्षेत्र में कर्मियों की संख्या अपर्याप्त है और उनका सही तरीके से उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। कम वेतन, अपर्याप्त प्रोत्साहन, करियर में बढ़ोतरी का अभाव, अपर्याप्त प्रशिक्षण एवं असंगत नीतियों के चलते अधिकतर चिकित्सा सेवाकर्मी सरकारी स्वास्थ्य क्षेत्र में नहीं आना चाहते। हमारे यहां विविध तरह के डॉक्टर हैं, पर नियामक तंत्र पुराने ढर्रे पर चल रहा है, जिससे सार्वजनिक-निजी सहयोग बहुत कमजोर स्थिति में है। वहीं जीडीपी का लगभग 2.5 फीसदी हिस्सा हेल्थकेयर पर खर्च किया जा रहा है। यह दुनिया के अधिकतर विकसित देशों के मुकाबले में काफी कम है। सवाल यह है कि स्वास्थ्य अभी भी राजनीतिक प्राथमिकता क्यों नहीं है? एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है। जबकि किसी भी देश का विकास योग्य और स्वस्थ मानव संसाधन पर निर्भर करता है। भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना अधिक पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। यह विडंबना तब है जब भारत में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से यह आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ। दूसरे विकासशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा, जहां औसत खर्च लगभग चार से पांच फीसदी है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर छह फीसदी माना गया है। जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत एक्शन प्लान की सख्त आवश्यकता है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही आवश्यक है। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें स्वास्थ्य-उपहार देना होगा। ऐसे में सरकार को ध्यान देने वाली बात यह होगी कि नीतियां सिर्फ इरादे का वक्तव्य होती हैं। असली चुनौती उनके अमल में आती है। इसके लिए एक बड़ी नींव रखने की आवश्यकता है क्योंकि चीन को भी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में एक दशक से ज्यादा का समय लग गया था। साथ ही, केंद्र और राज्य सरकारें अपना स्वास्थ्य बजट बढ़ाएं। बहरहाल, दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बनने जा रहे भारत में हेल्थ सेक्टर की बुनियाद बहुत कमजोर है। इसलिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की जरूरत है, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन




संकलित

दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं। आज हम जो भी है, जैसा भी अनुभव कर रहे हैं, यह हमारे अतीत के कर्म का परिणाम ही है।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित

प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

अंतर्मन




आज की पाती

## कंजक पूजा से पहले उनका सम्मान करना सीखें

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। माता दुर्गा के हमारे देश में बहुत से मंदिर भी हैं। नवरात्र में उन मंदिरों में काफी श्रद्धालु जाते हैं। नवरात्र हमें सादगी, ईमानदारी, परोपकार और सत्मार्ग पर चलने की शिक्षा देते हैं। नवरात्र में लोग अष्टमी और नवमी को कंजक पूजा करते हैं। अपनी श्रद्धा अनुसार छोटी-छोटी लड़कियों की पूजा करके मां दुर्गा को प्रसन्न करने की भावना रखते हैं। लेकिन हमें कन्या पूजा करने के साथ लड़कियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता को भी त्यागना चाहिए। *- रेखा ठाकुर, भिलाई*

ट्रेंड


## श्रीराम की कृपा बनी रहे



आज रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से रामसेतु के दिव्य दर्शन हुए। ईश्वरीय संयोग से उसी समय मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के दर्शन का भी सौभाग्य मिला। मेरी प्रार्थना है, हम सभी पर प्रभु श्रीराम की कृपा बनी रहे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


## स्थापना दिवस



भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, मेरे लिए ये एक परिवार है, एक विचार है, जिसने मुझे जनसेवा का मार्ग दिखाया। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने आवास पर भाजपा का ध्वज फहराकर गर्व की अनुभूति हुई।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

## मानवीय व्यवहार



मानवीय मूल्यों का रक्षक और मानवीय व्यवहार करने वाला ही शिक्षित होता है, सभ्य होता है और सभ्य ही 'सभ्यता' बनाता है; इसके विपरीत असभ्य उजाड़ता है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

## नकारात्मक प्रभाव



आपके जीवन में वे नकारात्मक लोग, वे नकारात्मक प्रभाव जिनसे आप नफरत करते हैं, लेकिन बार-बार उन्हीं की ओर लौटते हैं? वे आपके अपने राक्षस हैं जिन्हें आपने मानव रूप दिया है..

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

करंट अफेयर

# सुदर्शन ब्रिटेन के सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित

विश्व प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक को इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार को शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान, पटनायक ने एक और उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने 'विश्व शांति' के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फुट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई।



इस साल पटनायक को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का विजेता घोषित किया जाना इस लिहाज से खास है कि 2025 दिग्गज ब्रिटिश रेत कलाकार फ्रेड डारिंगटन की 100वीं वर्षगांठ हैं। पटनायक ने कहा, 'मैं ब्रिटेन के वेमाउथ में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में 'फ्रेड डारिंगटन' ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'यह सम्मान भगवान गणेश की मेरी 10 फुट की रेत मूर्ति का प्रमाण है, जो विश्व शांति के सार्वभौमिक संदेश का प्रतीक है।' वेमाउथ के मेयर जॉन ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया।

ऑफ बीट

# हर कोई अपना काम मशीनों को नहीं सौंपना चाहता

स्वचालित उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं को अपने हाथ से कुछ मेहनत करने की आवश्यकता होती है – एक पारंपरिक वैक्यूम क्लीनर के बारे में सोचें




जिसे अभी भी अपने हाथ से संचालित करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि, स्वायत्त उत्पादों पर मनुष्यों को कोई मेहनत करने की आवश्यकता नहीं होती है। स्वायत्त उत्पादों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे मैन्युअल कार्यों के उदाहरणों में फर्श की सफाई (रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर), लॉन की घास काटना (रोबोटिक लॉन घास काटने की मशीन), और ड्राइविंग (स्व-ड्राइविंग कार) शामिल हैं। स्वायत्त उत्पाद उपभोक्ताओं को समय और श्रम की आवश्यकता वाले तमाम कार्यों से पूरी तरह से मुक्त करते हैं। हमारे अध्ययनों में, हम तर्क देते हैं कि शारीरिक श्रम जीवन में अर्थ का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह उस शोध के अनुरूप है जो दर्शाता है कि रोजमर्रा के कार्यों का मूल्य है – सफाई जैसे काम हमें खुश नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे हमारे जीवन में अर्थ जोड़ते हैं क्योंकि किए गए प्रयास भविष्य में फायदेमंद होते हैं। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि जो उपभोक्ता जिसे हम शारीरिक श्रम का अर्थ (एमएमएल) कहते हैं, उसे महत्व देते हैं, वे स्वायत्त उत्पादों को अधिक नकारात्मक रूप से देखते हैं।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# अजय देवगन की वजह से फ्लॉप हुई 'भेड़िया'...

**मुंबई।** रोमांटिक और कॉमेडी जॉनर की फिल्मों में वरुण धवन पसंद किए जाते हैं। बॉलीवुड की ज्यादातर एक्ट्रेस के साथ उन्होंने बतौर लीड एक्टर काम किया है। साल 2022 में उनकी एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम भेड़िया था और इसमें उनके साथ बी टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन भी नजर आईं। खैर, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। अब इसके डायरेक्टर ने इसके असफल होने पर खुलकर बात की है। कोमल नाहटा के पॉडकास्ट 'गेम चेंजर्स' में स्त्री जैसी हिट फिल्म देने वाले डायरेक्टर अमर कौशिक नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपनी कुछ सफल और असफल फिल्मों पर बात की।

लाइफ Style



# प्रियंका
## हाथ लगी साउथ की एक और मूवी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा।

प्रियंका चोपड़ा लंबे समय से हॉलीवुड में काम कर रही थीं। बॉलीवुड के फैंस उनका हिंदी फिल्म में काम करने का इंतजार कर रहे थे। फिलहाल वो साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म में महेश बाबू संग काम कर रही हैं। अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि मेकर्स एक और हाई-प्रोफाइल बॉलीवुड स्टार पर विचार कर रहे हैं। एटली पहले सलमान खान के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले थे, लेकिन ये प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है। चर्चा है कि एक बॉलीवुड एक्ट्रेस इसमें कदम रखेगी। लेट्स सिनेमा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा को इस प्रोजेक्ट के लिए फीमेल लीड के रोल में माना जा रहा है। अभी इसका नाम 'पैरेलल यूनिवर्स' रखा गया है, जो टेम्परेरी है। इसमें अल्लू अर्जुन डबल रोल में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस पर ऑफशियली कोई बयान नहीं है। प्रियंका चोपड़ा इस समय राजामौली की जंगल एडवेंचर 'एसएसएमबी 29' (नाम तय नहीं) में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन संग एक्टिंग कर रही हैं।

हॉलीवुड मसाला



# न्यू बेबी को किया वेलकम

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और ऑस्कर विजेता जेनिफर लॉरेंस न सिर्फ अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपने बेबाक अंदाज और सामाजिक मुद्दों पर मुखरता से राय रखने के लिए भी चर्चाओं में रहती हैं। उन्होंने 2019 में कुक मारोनी से शादी की थी, और अब इस कपल ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 31 मार्च को जेनिफर और उनके पति कुक मारोनी को न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पॉट किया गया था।



# टॉम के फिल्म पर उठा पर्दा ...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। टॉम हॉलैंड काफी समय से स्पाइडर-मैन के चौथे पार्ट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फ्रेंचाइजी के दीवाने लंबे समय से मूवी की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे थे। अब महीनों बाद, अभिनेता ने फैंस को फिल्म के टाइटल के साथ-साथ उसकी रिलीज डेट पर भी अपडेट दिया है। आइए जानते हैं कि कब आप अपने पसंदीदा पीटर पार्कर को सिल्वर स्क्रीन पर देख पाएंगे। टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रेंचाइजी अपनी चौथी किस्त के साथ रिलीज के लिए तैयार है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर एक्शन अवतार में वापसी करने वाले हैं। लास वेगास के सिनेमाकॉन में निर्देशक डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने बताया कि फिल्म की शूटिंग गर्मी के अंत तक पूरी हो सकती है।



# माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंची ईशा...

**मुंबई।** अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने आज राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी के दर्शन किआ और साथ ही खुद को बहुत भाग्यशाली बताया। नवरात्रि का आखिरी दिन होने के कारण यह मौका खास था। ईशा ने गुलाबी कपड़े और धूप के चश्मे पहने थे, साथ में सुंदर झुमके भी पहने थे। एएनआई से बातचीत के दौरान ईशा ने कहा, हम नवरात्रि के नवमी के दिन यहां आए, यह बहुत सौभाग्य की बात है। आप सभी को माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद मिले। जय माता दी। राम नवमी चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन मनाई जाती है। यह भगवान राम के जन्म का दिन है। इस दिन छोटी लड़कियों को देवी दुर्गा के रूप में देखकर उन्हें उपहार और प्रसाद दिए जाते हैं। राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी मंदिर में बहुत सारे लोग दर्शन करने आते हैं। मंदिर के लिए अच्छी व्यवस्था की गई।



# संभाजी महाराज के बाद जादूगर बने...

**मुंबई।** विक्की कौशल इन दिनों अपने करियर की ऊंचाई पर हैं। हाल ही में आई उनकी ऐतिहासिक फिल्म छावा की सफलता के बाद अब उन्होंने अपनी अगली फिल्म का पहला लुक जारी कर फैंस को चौंका दिया है। इस बार विक्की का अंदाज कुछ अलग और मजेदार होने वाला है। खास बात है कि अभिनेता इस बार जादूगर बनने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये पोस्टर आते ही वायरल हो गया है और फैंस उनके इस नए अवतार को खूब पसंद कर रहे हैं। पोस्टर में विक्की कौशल हरे रंग की चमकदार ड्रेस में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ झलकता है कि वो फिल्म में एक जादूगर का रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर शूजित सिरकार कर रहे हैं, जिन्होंने पीकू और अक्टूबर जैसी शानदार फिल्में बनाई हैं।

टीवी मसाला



# लोग मुझे फुटबॉल जैसे फेस वाली कहकर बुलाते थे...

**मुंबई।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश इन दिनों रियलिटी शो सेलेब्रिटी मास्टर शेफ में नजर आ रही हैं। जिसको लेकर वो लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनके फैंस अपनी पसंदीदा कलाकार को शो का विनर बनाना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर तेजस्वी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण कुंद्रा के साथ शादी की खबरों को लेकर भी चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस बीच अभिनेत्री ने बॉडी शेमिंग को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ये भी बताया कि कब उन्हें बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा। बातचीत में तेजस्वी प्रकाश ने बॉडी शेमिंग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मैं हमेशा पतली रही हूं और मुझे ये अजीब लगता है जब लोग किसी के वजन पर या किसी पर शारीरिक टिप्पणी करने को ठीक समझते हैं। जैसे लोग कहते हैं, तुम बहुत पतली हो, या अब तुम स्वस्थ हो। लेकिन अगर किसी का वजन ज्यादा है तो शायद कोई ऐसा नहीं कहेगा।"

## दिलजीत के साथ विल स्मिथ ने जमकर किया भांगड़ा...



**मुंबई।** पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ और अमेरिकी एक्टर विल स्मिथ ने रविवार सुबह अपने फैंस को चौंका दिया। दोनों ने एक अनोखे कोलैबोरेशन से सबको हैरान कर दिया। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार रील शेयर की, जिसमें विल स्मिथ उनके साथ भांगड़ा करते नजर आए। विल स्मिथ ने दिलजीत के डांस स्टेप्स को कॉपी करने की कोशिश की जो देखने में बेहद मजेदार था। इस वीडियो के साथ दिलजीत ने लिखा, पंजाबी आ गए ओये। लिविंग लीजेंड विल स्मिथ के साथ। किंग विल स्मिथ को भांगड़ा करते और पंजाबी ढोल की बीट्स पर मस्ती करते देखना प्रेरणादायक है। यह रील सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई। फैंस ने कमेंट सेक्शन में अपनी खुशी जाहिर की। एक फैन ने लिखा, पंजाबी सच आ गए ओए, तो दूसरे ने कहा, अब बस एक शानदार फिल्म साथ में कर लो। वहीं एक यूजर ने लिखा, ये तो बिल्कुल अप्रत्याशित था।

# 33 साल बड़े एक्टर के साथ काम करने पर ट्रोल...

**मुंबई।** साउथ की फिल्म 'हृदयपूर्वम' में पहली बार मालविका मोहनन और मोहनलाल एक साथ काम कर रहे हैं। यूजर मोहनलाल को इस बात के लिए ट्रोल कर रहे हैं कि वह अपने से 33 साल छोटी एक्ट्रेस के साथ अभिनय करते हैं। इस पर मालविका मोहनन ने जवाब दिया है। मोहनलाल 64 साल के हैं, जबकि मालविका 31 साल की हैं। 18 मार्च को, उन्होंने मोहनलाल और फिल्म के कलाकारों के साथ तस्वीरें शेयर की थीं। एक यूजर ने कमेंट किया कि 65 साल का एक आदमी 30 साल की लड़की के साथ प्यार का खेल खेलता है। आखिर इन दिग्गज अभिनेताओं को ऐसी भूमिकाएं निभाने की क्या चाहत है जो उनकी उम्र के हिसाब से नहीं हैं? इस पर जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि तुम्हें किसने बताया कि ये प्यार का मामला है? अपनी आधी-अधूरी धारणाओं के हिसाब से लोगों और फिल्म का मूल्यांकन करना बंद करें। एक लंबी पोस्ट में 'हृदयपूर्वम' की एक्ट्रेस ने लिखा कि मोहनलाल सर और सत्यन सर जैसे दिग्गजों से बहुत कुछ सीखा। उनसे मार्गदर्शन पाना सौभाग्य है। वह सिनेमाई जादू को जीवंत करते हैं। वह यह सब बहुत गरिमा, सम्मान और शालीनता के साथ करते हैं। कुछ सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम किया। सहायक निर्देशकों की सबसे प्यारी टीम को धन्यवाद, जिनके बिना यह फिल्म पूरी नहीं होती। मालविका मोहनन को आखिरी बार हिंदी फिल्म 'युध्रा' में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ अहम किरदार में देखा गया था। उन्होंने 2024 की तमिल फिल्म थंगलान में भी अभिनय किया।



# 7वें दिन भी 100 करोड़ की कमाई से चूकी 'सिकंदर'



*मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान 'टाइगर 3' के बाद साउथ के डायरेक्टर ए आर मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' के जरिए स्क्रीन पर धमाकेदार एक्शन करते हुए नजर आए। फिल्म को ईद के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दर्शकों और फैंस को सलमान की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। रिलीज के बाद इसे दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। इससे लोगों को जितनी उम्मीदें थी फिल्म उतना खास कमाल नहीं दिखा पाई। जहां वर्ल्डवाइड फिल्म ने 100 करोड़ दो दिन में ही कमा लिए थे वहीं, 7वें दिन भी सलमान की ये फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का कलेक्शन करने से चूक गई है। रिपोर्ट की मानें तो 7वें दिन 'सिकंदर' ने 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया है। हालांकि, ये अभी शुरुआती आंकड़े हैं। ऑफिशियल आंकड़े आने के बाद इसमें बदलाव हो सकते हैं। 7वें दिन की कमाई के बाद फिल्म की टोटल कमाई 97.50 करोड़ हो चुकी है।*

## ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही इस मूवी ने लगभग 555 करोड़ का किया बिजनेस

# 2025 में अब तक 12 फिल्में रिलीज, 9 फ्लॉप 2 एवरेज और 1 ब्लॉकबस्टर

*मुंबई। साल 2025 का पहला क्वार्टर पूरा हो गया है और इन तीन महीनों में बॉलीवुड की कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सोनू सूद की 'फतेह' से लेकर सलमान खान की 'सिकंदर' तक शामिल है। हालांकि, इस बार लोगों ने बहुत ही कम फिल्मों को पसंद किया। ऐसे में कुछ मूवीज बॉक्स ऑफिस पर पस्त हो गईं, तो कुछ ने ठीक-ठाक कलेक्शन किया। चलिए आपको बताते हैं, 2025 के पहले क्वार्टर में रिलीज हुई फिल्मों की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट के बारे में।*

**फतेह :** सोनू सूद, जैकलीन, शिव ज्योति राजपूत और नसीरुद्दीन शाह स्टारर फिल्म 'फतेह' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस मूवी का निर्देशन खुद सोनू ने ही किया था। ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई और रिपोर्ट के अनुसार, यह डिजास्टर साबित हुई। फिल्म ने सिर्फ 12.50 करोड़ का बिजनेस किया था।

**इमरजेंसी :** 'इमरजेंसी' फिल्म में कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। इस मूवी का निर्देशन और निर्माण कंगना ने ही किया था। फिल्म में उन्होंने इंदिरा गांधी का रोल प्ले किया। एक्ट्रेस को अपनी इस मूवी से काफी उम्मीदें थी, लेकिन यह मूवी भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। रिपोर्ट के अनुसार, मूवी ने सिर्फ 14 करोड़ का बिजनेस किया और यह भी डिजास्टर साबित हुई।

**आजाद :** अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'आजाद' भी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस मूवी की बॉक्स ऑफिस पर कंगना 'इमरजेंसी' से टक्कर हुई। फिल्म में अजय देवगन, रवीना टंडन की बेटी राशा और अजय के भांजे अमान थे। ये राशा और अमान की डेब्यू मूवी थी, लेकिन लोगों ने इसे कुछ खास पसंद नहीं किया। फिल्म ने सिर्फ 6.50 करोड़ का लाइफटाइम बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया और यह डिजास्टर साबित हुई। हालांकि, मूवी में राशा के अभिनय को काफी पसंद किया गया था।

**स्काई फोर्स :** 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्काई फोर्स' में एक्टर अक्षय कुमार, निमरत कौर, वीर पहाड़िया समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। ये मूवी वीर की डेब्यू फिल्म थी, जो एक एक्शन-ड्रामा फिल्म थी। इसकी कहानी 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के हमले पर आधारित थी, जो भारत की पहली एयर स्ट्राइक थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर एवरेज साबित हुई और इसने लगभग 109 करोड़ का बिजनेस किया।



**देवा :** शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, कुब्रा सैत और प्रवेश राणा स्टारर फिल्म 'देवा' 31 जनवरी को रिलीज हुई थी। ये फुल ऑन एक्शन मूवी थी, जिसमें एक्टर का जबरदस्त अंदाज देखने को मिला था। हालांकि, दर्शकों को मूवी कुछ खास पसंद नहीं आई और यह फ्लॉप हो गई। रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 32 करोड़ का लाइफ टाइम कलेक्शन किया।

**लवयापा :** 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई मूवी 'लवयापा' में जुनैद खान, खुशी कपूर, आशुतोष राणा और कीकू शारदा समेत कई स्टार्स नजर आए थे। ये मूवी जेन-जी की कहानी दिखाती है और यह खुशी-जुनैद दोनों की बड़े पर्दे पर डेब्यू मूवी थी। वहीं, 'लवयापा' के कलेक्शन की बात करें, तो फिल्म ने कुछ खास कमाल नहीं दिखाया और यह भी फ्लॉप साबित हुई। मूवी ने सिर्फ 8.25 करोड़ का लाइफटाइम बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया।

**छावा :** 14 फरवरी को विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'छावा' रिलीज हुई। साल 2025 के पहले क्वार्टर की ये एकलौती मूवी है, जो कमाई के मामले में ब्लॉकबस्टर साबित हुई। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया था। इसमें स्टार्स की एक्टिंग से लेकर फिल्म की कहानी तक को लोगों ने काफी पसंद किया। ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही इस मूवी ने लगभग 555 करोड़ का बिजनेस किया।

**मेरे हसबैंड की बीवी :** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह, हर्ष गुजराल, डीनो मोरिया और कंवलजीत सिंह स्टारर फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी इस रोम-कॉम मूवी ने 7.50 करोड़ का कलेक्शन किया और अर्जुन की यह मूवी भी डिजास्टर साबित हुई।

**क्रेजी :** सोहम शाह, निमिषा सजयन, टीनू आनंद, शल्पा शुक्ला, उन्नति खुराना स्टारर ये फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी तो अच्छी थी, लेकिन लोगों को यह पसंद नहीं आई और फ्लॉप हो गई। गिरीश कोहली के निर्देशन में बनी इस मूवी ने सिर्फ 12 करोड़ का बिजनेस किया था।

## रामनवमी पर सजी अयोध्या, दर्शन के लिए जुटा देश

# रामलला के मस्तक पर 'सूर्य तिलक'

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

*रामनवमी के अवसर पर अयोध्या के नवनिर्मित रामजन्म भूमि मंदिर में भगवान श्री राम का 'सूर्य तिलक' किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में सूर्य तिलक का वीडियो साझा करते हुए कहा, श्री रामनवमी के पावन अवसर पर प्रभु का सूर्य तिलक। ट्रस्ट ने श्री रामलला के अभिषेक की तस्वीरें भी साझा की हैं।*

*रामनवमी के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान राम की पूजा-अर्चना करने और उनके दर्शन करने के लिए मंदिर में आ रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया, भगवान राम के माथे पर सूर्य तिलक अपराह्न 12 बजे शुरू हुआ और यह लगभग चार मिनट तक रहा। ट्रस्ट के मीडिया सेंटर ने भी सूर्य तिलक का वीडियो 'एक्स' पर साझा किया है।*



### ऐसे पहुंची सूर्यकिरण

मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल गईं। लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया।



### मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नई दिल्ली/लखनऊ।** रामनवमी के अवसर पर देशभर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हुआ। अयोध्या में करीब 5 लाख श्रद्धालु पहुंचे। श्री काशी विश्वनाथ धाम में राम नवमी के अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। गोरखपुर के इस्कॉन केंद्र में रविवार को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। दिल्ली, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के साथ सभी राज्यों में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा।

### संभल में पहली बार रामनवमी पर शोभायात्रा निकली

संभल। पिछले साल नवंबर में संभल में हिंसा भड़की थी। उसके बाद से पुलिस संभल में होने वाले हरेक आयोजन को लेकर अलर्ट हो जाती है। रविवार को रामनवमी के अवसर पर संभल जिले में पहली बार विश्व हिंदू परिषद की ओर से भव्य भगवा शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामनवमी शोभायात्रा में युवतियों ने हाथों में तलवार लेकर करतब दिखाए। साहस और आत्मविश्वास की अनूठी मिशाल पेश की। भगवा झंडे लेकर युवक पूरे जोश और उत्साह में झूमते नजर आए। शोभायात्रा में भगवान राम, हनुमान और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा में शामिल लोग जय श्रीराम के जयकारे लगाते रहे।

# जापान में एंबुलेंस हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

एजेंसी ▶▶ तोक्यो

जापान के दक्षिणपश्चिम हिस्से में रविवार को एक मरीज को लेकर जा रहा एक चिकित्सा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होकर समुद्र में गिर गया जिससे उसपर सवार छह लोगों में से तीन की मौत हो गयी। जापान के तटरक्षक बल ने बताया कि जापान एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स' के हेलीकॉप्टर चिकित्सक केई अराकावा, मरीज मित्सुकी मोटोइशी और उनकी देखभाल करने वाले काजुयोशी मोटोइशी के शव बरामद किए। गार्ड ने



पायलट हिरोशी हमादा, हेलीकॉप्टर मैकेनिक काट्सुटो योशिताके और नर्स सकुरा कुनीताके को तब बचा लिया, जब वे पानी में नहीं डूबने वाले हवा से भरे 'जीवनरक्षक' उपकरण से लटके पाए गए। जापान तट रक्षक बल के एक अधिकारी ने बताया कि बल ने इन तीनों को बचाया जिन्हें (इस हादसे के कारण) 'हाइपोथर्मिया' हो गया था यानी उनके शरीर का तापमान असामान्य रूप से गिर गया था, लेकिन वे होश में थे। बाद में 'तटरक्षक बल ने बचाव अभियान के तहत इलाके में दो विमानों और तीन पोतों को लगाया था। तटरक्षक बल के मुताबिक, यह हेलीकॉप्टर नागासाकी के एक हवाई अड्डे से फुकुओका स्थित एक अस्पताल जा रहा था। उसमे छह लोग सवार थे। हादसे की वजह का भी पता नहीं चल पाया है।

## एचएएल बेंगलुरु और तुमकुरु में हेलीकॉप्टरों का निर्माण करेगा

# 156 हेलीकॉप्टर की डील को हरी झंडी भारत से चीन-पाक के छूटेंगे पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को भारतीय सेना और वायु सेना के लिए 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर बनाने का बड़ा ऑर्डर मिला है। इस खबर से रक्षा क्षेत्र में हलचल मच गई है, क्योंकि एचएएल अब इस काम को पूरा करने के लिए निजी कंपनियों के साथ भी हाथ मिलाएगा। भारत का यह कदम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सशस्त्र बलों की ताकत को बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा। इन हेलीकॉप्टर के सेना के बेड़े में शामिल हो जाने के बाद आसमान में भारत की ताकत बढ़ जाएगी और चीन व पाक जैसे देश भी आसमां पर हेकड़ी नहीं दिखा सकेंगे।

एचएएल को मिले इस बड़े सौदे से देश में रक्षा उद्योग को और बढ़ावा मिलेगा। एचएएल, एलसीए विमान बनाने के मॉडल को ही इस एलसीएच परियोजना में भी अपनाएगा। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि एचएएल को मिले इस बड़े सौदे से देश में रक्षा उद्योग को और बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि एचएएल जल्द ही निजी क्षेत्र को परियोजना में शामिल करने के लिए निविदाएं जारी करेगा।

### 'प्रचंड' की ताकत – दुश्मनों के लिए खतरनाक

दुनिया का एकमात्र अटैक हेलीकॉप्टर, जो 16,400 फीट (5,000 मीटर) की ऊंचाई पर भी उड़ सकता है। सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वी लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करने के लिए आदर्श, हवा से जमीन और हवा से हवा में हमला करने में सक्षम, मिसाइलों से लैस, दुश्मन की हवाई सुरक्षा को नष्ट कर सकता है।

### 62,500 करोड़ रुपये के सौदे में 40% काम प्राइवेट कंपनियों को मिलेगा

### एचएएल देश की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी

एचएएल देश की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी है। इसके पास 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर हैं और उसे निकट भविष्य में 70,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। एचएएल का कहना है कि वे एलसीए विमान बनाने का तरीका ही इन हेलीकॉप्टरों के लिए भी अपनाएंगे। इससे काम तेजी से होगा और लागत भी कम होगी।



### बेंगलुरु और तुमकुरु कारखाने में बनेंगे

एचएएल इन हेलीकॉप्टरों को कर्नाटक राज्य में अपने बेंगलुरु और तुमकुरु कारखानों में बनाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह निजी भारतीय उद्योग, अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित हल्के लड़ाकू विमान एमके1A के लिए पहले रियर फ्यूजलेज की डिलीवरी के मौके पर मौजूद थे।




### आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी मजबूती

सरकार 'मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए यह सौदा कर रही है। 83 लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट का सबसे बड़ा ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है। 97 और एलसीए ऑर्डर करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 307 हॉवित्जर तोपों की खरीद को भी हाल ही में कैबिनेट से मंजूरी मिली है।

### 40 फीसदी काम प्राइवेट कंपनियां करेंगी

अब एचएएल निजी कंपनियों को लगभग 25,000 करोड़ रुपये का काम सौंपने की योजना बना रहा है। इस 62,500 करोड़ रुपये की परियोजना में लगभग 40 प्रतिशत काम निजी उद्योगों को दिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इससे देश में रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम को सभी स्तरों पर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## 1200 जगहों पर रैलिया निकालीं

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा!

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका में शनिवार को विपक्षी आंदोलन का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। अमेरिका में हजारों की संख्या में गुस्साए लोगों की भीड़ ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश के चलाने के तरीके और उनकी नीतियों के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। अमेरिका के 50 राज्यों में 1200 से ज्यादा स्थानों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की अमेरिका के लिए नीतियों के विरोध में तथाकथित 'हैंड्स ऑफ' प्रदर्शन किया गया।

इन विरोध प्रदर्शनों में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया था, जिसमें सिविल राइट्स ऑर्गनाइजेशन्स, लेबर यूनियन के वकीलों, चुनावी कार्यकर्ताओं के साथ कई दिग्गज भी शामिल थे। यह विरोध प्रदर्शन अमेरिका के रिपब्लिकन सत्ता के शुरुआती हफ्तों में मिली असफलताओं के बाद किया गया, जो कि पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा और इन रैलियों में किसी की गिरफ्तारी को लेकर अब तक कोई सूचना नहीं है।




### ट्रंप और मस्क के खिलाफ लोगों ने लगाए नारे

मिडटाउन मैनहैटेन से लेकर एंकोरेज, अलास्का तक कई राज्य की राजधानियों में हजारों की संख्या में लोगों ने ट्रंप और मस्क के खिलाफ नारे लगाए, रैलिया निकाली। प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए तख्तियों के साथ रैलियां निकाली। इन सभी रैलियों में संघीय एजेंसियों से हजारों लोगों को निकालने, अर्थव्यवस्था, इमिग्रेशन और मानवधिकारों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की खूब आलोचना की गई।

*पर्शिंग स्क्वार से लेकर सिटी हॉल तक निकाली गईं रैलियां : वेस्ट कोस्ट पर सिएटल के विख्यात स्पेस नीडल के अंतर्गत हजारों प्रदर्शनकारियों ने फाइट फॉर ऑलिगार्की लिखी तख्तियां ली हुई थी। पोर्टलैंड, ओरेगन और लॉस एंजिलिस में भी हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरकर ट्रंप सरकार के विरोध में नारे लगाए।*

■ घटना चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर की है

## जीरकपुर के सेठी ढाबे में हुआ बवाल

# शाकाहार भोजन में निकली मुर्गे की हड्डियां, माफी मांगी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब के मोहाली के जीरकपुर में एक ढाबे में परिवार के लोग ढाबे पर शाकाहारी खाना खाने गए थे, लेकिन उनके खाने में चिकन भी परोस दिया गया। घटना के बाद ढाबे में बवाल हो गया।

हालांकि ढाबा संचालक ने अपनी गलती मानते हुए लोगों से माफी भी मांगी है। घटना चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर स्थित मशहूर सेठी ढाबा की है। शनिवार रात को जीरकपुर के मशहूर सेठी ढाबा में हुई घटना के बाद परिवार के लोगों ने ऐतराज जताया है। शनिवार को हिंदू मान्यताओं के अनुसार



अष्टमी के शुभ अवसर पर जीरकपुर के एक परिवार के लोग ढाबे में खाना खाने गए थे। महिला अमरदीप और कनिका ने बताया कि नवरात्र व्रत खोलने और सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध सेठी ढाबा में कुछ स्वादिष्ट खाना खाने के लिए आए थे।

■ कैबिनेट मंत्री ने सीएम योगी को लिखा पत्र

# आगरा के शाहजहां गार्डन का नाम बदलने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आगरा स्थित 'शाहजहां गार्डन' का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की मांग की है। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। दरअसल शाहजहां गार्डन आगरा जिले में ताजमहल और आगरा किले के बीच बना एक हरा-भरा उद्यान है। बेबी रानी मौर्य ने बताया, "हां, मैंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है और शाहजहां गार्डन का नाम रानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का मेरा प्रस्ताव जल्द ही मूर्त रूप लेगा। अहिल्याबाई ने महिला सशक्तीकरण के लिए बहुत कुछ किया था।" नाम बदलने की मांग करने के पीछे की वजह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं आगरा की बेटी हूं और हमेशा महान अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेती रही हूं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment
आवश्यकता

**पेट्रोल पम्प कर्मी**

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित **सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.** (RO-272)

**मैकेनिकल कार्य**

आवश्यकता है- भिलाई चरोदा रेल्वे क्षेत्र में मैकेनिकल कार्य हेतु किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है ईएसआईसी, पीएफ के साथ आकर्षक वेतन **संपर्क:- 9691561188** (आरो नं.-717)

**ऑफिस बॉय**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- 8898306907** (आरो नं.-704)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए सेल्स गर्ल एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। कृपया **संपर्क करें :- नाहर मेडिकल स्टोर्स सिविक सेंटर, भिलाई** (आरो नं.-715)

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क समय सुबह 10.30 से रात 9.30, **विरदीचंद मानकलाल जैन कंकालीपारा रायपुर 9425216364, 9340477419** (RO-OM)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- सदर बाजार रायपुर किताब दुकान मे कार्य हेतु युवको व नवयुवको की अवश्यकता है। **संपर्क करें - अजंता बुक डिपो रायपुर मो. 9302566690** (RO-7083)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क करें:- रॉयल इमीटेशन फौवारा चौक, नयापारा रायपुर मोबाइल 93035-07722.** (RO-OM)

आवश्यकता है- सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में कार्य करने लड़कों की आवश्यकता है। एवं एक कार ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क :- जय श्री इंटरप्राइजेज नेहरू भवन के सामने सुपेला भिलाई- 98271-06108, 96302-95106** (आरो नं.-714)

आवश्यकता है- इंटीरियर प्रोडक्ट शोरूम में माल दिखाने हेतु एक नवयुवक- एक नवयुवती की आवश्यकता है। **संपर्क करें-श्री ट्रेडर्स इंटीरियर वर्ल्ड भाटागांव जलगृह मार्ग 7879311110** (RO-7080)

**दुकान/गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- दुकान/गोडाउन में कार्य करने हेतु मेहनती युवक की आवश्यकता है। योग्यता पांचवीं पास सैलरी- 11000/- योग्यतानुसार। **संपर्क - रायपुर कृषि केंद्र, शॉप नं.-124, एस.के प्लाजा काम्प्लेक्स, बॉम्बे मार्केट, रायपुर** (RO-1639)

**हेमाल**

आवश्यकता है- उरला मेटल पार्क में काम करने के लिए हेमाल की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क करें- जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक BSNL ऑफिस के सामने रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4095884.** (RO-379)

**मार्केटिंग/सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) मे काम करने के लिए मेहनती स्टाफ लड़का / लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है **मो.7067048454.** (RO-7085)

**ड्रायवर**

ड्राईवर चाहिये- जो ऑफिस कार्य कर सके। अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **सम्पर्क समय 12 से 5, गणेश राम नगर, मालवीय रोड रायपुर 6268524045, 7974603435.** (RO-166)

आवश्यकता है- हॉस्टल में आवश्यकता है ड्राइवर गार्ड नशा मुक्त एकल व्यक्ति रहने खाने की सुविधा Drivering Licence जरूरी अनुभवी एवं शाकाहारी को प्राथमिकता **जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर पचपेड़ी नाका रायपुर 9425206595** (RO-7370)

**ऑफिस / फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- फायनेंस ऑफिस में कार्य हेतु युवती एवं फील्ड कार्य हेतु युवको की आवश्यकता है। **संपर्क ढिल्लन कॉम्प्लेक्स शॉप नं 231, आकाशगंगा सुपेला भिलाई मो. 6261510080, 8319119645** (RO-Bhilai)

आवश्यकता है- रायपुर ऑफिस के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। ऑफिस मैनेजर (15,000), टेलीकॉलर (8,000), फील्ड एक्जिक्युटिव्स (10,000)। कमीशन, पेट्रोल अतिरिक्त। बायोडाटा **वॉट्सएप करें 6262120592** (RO-644)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**सिविल इंजीनियर**

Urgent Requirement
Civil Engineer,
Site Supervisor
Accountant
Office Boy
Driver...
Nalini Associates
Mob. 8349993093,9300112093

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- टेलीकॉलर ऑफिस में काम करने के लिए लड़को के जरूरत है 20 वर्ष से 28 वर्ष वाले सम्पर्क करे ऑल इंडिया प्लेसमेंट शुरुआती वेतन 10000 रहना फ्री **संपर्क करें,7310671995, 6387630593.** (RO-313)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, पास लड़कों की अवसकता है जो कटनी ग्वालियर में काम कर सके वेतन- 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना फ्री, ट्रेनिंग बाद 15,000 से 20000 महीने। **संपर्क करें- 8982690021, 9340613449.** (RO-312)

**खेती कार्य**

आवश्यकता है- केंशो ऍग्रो फार्म उमरेड नागपुर में पशुपालन और खेती काम के लिए पती-पत्नी-जोड़ा चाहिए. निवास बिजली मुफ्त. रोड टच फार्म. आकर्षक वेतन. **संपर्क भीमराव ढोके 9869823811** (RO-7079)

**मार्केटिंग/सेल्समैन**

आवश्यकता है- डिटॉल कंपनी के प्रोडक्ट की रायपुर में मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्समैन की जो जनरल व मेडिकल मार्केट के बारे में जानकारी रखता हो, **संपर्क करे:- अग्रवाल एजेंसी रायपुर Mob. 98264-16557.** (RO-om)

नोट – विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**टीचर**

Required- Pragati Vidyalaya Higher Secondary School Rameshwar Nagar bhanpuri Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio,Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592. Time- 8:00 am to 12:00 pm (RO-OM)

**अन्य**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो **संपर्क करें:- 9202613238.** (RO-749)

हरिभूमि

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 8521185983 (RO-777)

क्या आप देना चाहते है...
अपने बिजनेस को
बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाइड
Space Available for Ad
6263818152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# चक्रवाती हवाएं चलेंगी 80 की स्पीड से, पश्चिमी विक्षोभ बिगाड़ेगा मौसम, बारिश को लेकर आईएमडी का अलर्ट

### इन राज्यों में ओलावृष्टि या मध्यम बारिश

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पूर्वोत्तर भारत, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल झारखंड में छिटपुट ओलावृष्टि होने की संभावना है। तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में गरज, चमक और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे की गति) के साथ हल्की/मध्यम बारिश होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में छिटपुट बारिश होने की भी संभावना है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में मौसम अब गर्म होने लगा है। दिल्ली-एनसीआर का तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया है। भारतीय मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों दिल्ली-एनसीआर समेत 10 राज्यों में हीट वेव की आशंका जताई है। छत्तीसगढ़ के मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा।

वहीं 8 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इससे जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश होने, 60 से 80 किलोमीटर स्पीड वाली चक्रवाती हवाएं चलने, ओलावृष्टि होने की भी संभावना जताई है। उत्तर-पश्चिमी राज्यों में जहां मौसम गर्म रहेगा, वहीं पूर्वी और मध्य भारत के राज्यों में बारिश होने का अलर्ट मौसम विभाग ने दिया है। इस बार सीजन में पहली बार दिल्ली के लिए लू का यलो अलर्ट जारी हुआ है, जिसके मुताबिक इस बार अप्रैल, मई और जून में दिल्ली में सामान्य से ज्यादा गर्मी पड़ सकती है। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और आसपास के इलाकों में चक्रवात बना हुआ है जिससे कुछ राज्यों में बारिश की संभावना है।

### इन राज्यों में बरसेंगे बादल

मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वोत्तर राज्य असम और आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इससे अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं का संगम भारत की ओर बढ़ रहा है। इसके असर से केरल, माहे, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु में गरज, चमक और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे की गति) के साथ हल्की/मध्यम बारिश होने की संभावना है।



■ अगले 5 दिनों में दिल्ली समेत 10 राज्यों में हीट वेव की आशंका

*दिल्ली में कैसा मौसम?*
*राजधानी दिल्ली की बात करें तो शहर का मौसम काफी गर्म है। शनिवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 35.7 और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। आज 6 अप्रैल दिन रविवार की सुबह अधिकतम तापमान 33 डिग्री रहा। सूरज सुबह 6 बजकर 5 मिनट पर उदित हो गया था।*

### इन राज्यों में तेज गर्मी व लू का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, 9 अप्रैल तक गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ इलाकों में गंभीर लू की स्थिति रहने की संभावना है। 10 अप्रैल तक पश्चिमी राजस्थान और पूर्वी राजस्थान में भी लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दक्षिण हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। कोंकण और गोवा में भी गर्म और आर्द्र मौसम रहने की संभावना है।

## जैकेट के शेष

### आस्था की राह ....

विसर्जन के साथ ही रामनवमी का जश्न मनाया गया। चौक-चौराहों पर भी जश्न का माहौल था, जहां डीजे की धुन पर लोग श्रीराम जन्मोत्सव का उल्लास मनाते हुए हिस्सा लेते दिखे।

### चार दशक बाद ....

कि पिछले कुछ सालों में जिले में नक्सलियों ने कोई बड़ी घटना को अंजाम नहीं दिया। फोर्स के लगातार बढ़ते दबाव के चलते अब राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान गंडई और कवर्धा जिले को केंद्र सरकार ने नक्सल प्रभावित जिले से हटा दिया है। वहीं हाई नक्सल इलाके की श्रेणी में शामिल रहे मोहला-मानपुर- चौकी जिले को एलडब्लूई की श्रेणी में रख दिया गया है। गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में बस्तर के सिर्फ चार जिलों को भी अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रखा है। नक्सल मुक्त होने के साथ ही केंद्र सरकार ने इन जिलों में विकास कामों में तेजी लाने के निर्देश भी जारी किए हैं।

### बिना हथियार डाले बात नहीं ....

राज्य सरकार का स्पष्ट स्टैंड है कि नक्सली पहले हथियार डाले उसके बाद वार्ता के लिए आगे आएं। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी करके कहा है कि वे सरकार के साथ युद्ध विराम को तैयार हैं यदि वो हमारे खिलाफ जारी ऑपरेशन को रोक दें। नक्सलियों ने ही माना है कि बीते 15 महीनों में उनके 400 साथी मारे गए हैं। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। ये फैसला लेने से पहले नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी की बैठक हैदराबाद में हुई थी, इसके बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की है।

### शाह के दौरे के पहले ....

बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह पिछले दिनों छत्तीसगढ़ दंतेवाड़ा जिले में आए थे। लेकिन इससे पहले ही राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस शांति वार्ता के प्रस्ताव कहा था कि हथियार छोड़े बगैर बातचीत नहीं हो सकती।

### पंबन ब्रिज पर ....

फिर से शुरू हो गई, जो रामेश्वरम और धनुषकोडी जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए बेहद फायदेमंद होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन और उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने यहां रामेश्वरम द्वीप और मुख्य भूमि क्षेत्र के बीच रेल संपर्क की सुविधा प्रदान करने वाले पंबन समुद्री पुल के उद्घाटन और नयी रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा, आज रामनवमी का पावन पर्व है। अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। उन्होंने संगम युग के साहित्य का हवाला देते हुए भगवान राम के साथ तमिलनाडु के जुड़ाव को भी रेखांकित किया। श्रीलंका के साथ मछुआरों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में श्रीलंका से 3,700 से अधिक मछुआरों को वापस लाया गया है, जिनमें से 600 से अधिक को पिछले साल ही वापस लाया गया।

## पेज एक के शेष

### 360 करोड़ की वसूली...

भानसोज, श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस जुनवानी भिलाई तथा श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मोवा पर दस-दस लाख का जुर्माना लगाने के साथ पिछले चार साल में चिकित्सा छात्रों से की गई अवैध वसूली को 7 फीसदी ब्याज के साथ वापस करने आदेश जारी किया था। हरिभूमि ने पिछले चार साल में 360 करोड़ की वसूली की खबर प्रकाशित की, जिसे लेकर हड़कंप मचा हुआ है। आदेश के खिलाफ तीनों कॉलेज हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। कॉलेज प्रबंधन द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों की तुलना में आधी फीस निर्धारित की गई है, जिसे वे मान्य करते हैं। फीस विनियामक समिति को ट्यूशन फीस तय करने का अधिकार है, मगर ट्रांसपोर्टिंग, मेस और हॉस्टल की फीस मौजूदा सुविधाओं के आधार पर तय की जाती है।

### गर्मी में गला तर...

बुझाने झरिया के आसपास विचरण करते रहते है, जिससे ग्रामीणों पर वन्य प्राणियों द्वारा हमला का अंदेशा बना रहता है। गांव के ग्रामीण महिलाएं एक साथ समूह में झरिया का पानी लेने जाते है, साथ मे पुरुष वर्ग अपने पारम्परिक हथियार तीर धनुष सुरक्षा के लिए ले जाते है।

### पानी लाने एक किमी...

चर्चा में बताया कि हर साल मई महीने में गर्मी में नाला पूरी तरह सूख जाता हैं। अभी गड्डे में थोड़ा बहुत बचे पानी को लोग बर्तन में लेकर काम चला रहें है। कपेमारी मोहल्ला की आबादी लगभग 50 है, जहां 22 घर हैं। यहां हैण्डपंप से लाल पानी निकलता है, जो पीने लायक नहीं हैं। ऐसी स्थिति में इस पारा के लोग गर्मी में जब नाला पूरी तरह सूख जाएगा तो दूसरे मोहल्ले या अन्य पंचायत एरपुंड या सितामेटा के बोरिंग से पानी लाते हैं। लगभग एक से दो किलोमीटर जाना पड़ता हैं। उन्होंने बताया कि हर्राकोडेर पंचायत में 10 पारा है। आबादी लगभग तीन हजार हैं, यहां 10-12 हैण्डपंप हैं, लेकिन जल स्तर गिरने से कुछ हैण्डपंप सूख गए हैं, जहां से पानी नहीं मिल पाता हैं। पिचीकोडेर का हैण्डपंप में सौर प्लेट लगा हैं, जहां पानी काफी नीचे चला गया हैं। एक दो घन्टे पानी निकलने का इंतजार ग्रामीण करते है।

### मवेशियों की भी प्यास...

रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी के दौर में उनके सामने तो पेयजल की भारी किल्लत है ही। साथ ही स्थानीय नदी नालों के सूख जाने के कारण उनके मवेशियों के लिए भी पानी का जुगाड़ कर पाना तेढ़ी खीर साबित हो रहा है। यही हाल जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत राजाढार के आश्रित ग्राम बेलापानी का भी है। जहां पर बैगा जनजाति के लोग निवासरत हैं। करीब दस परिवारों के सामने इस समय पेयजल की भारी किल्लत खड़ी हो गई। इन लोगों द्वारा स्थानीय नदी में झिरिया खोदकर अपनी प्यास बुझाई जा रही है। बेलापानी की ही तरह ही क्षेत्र के कई और ग्राम हैं जहां लोगों को पेयजल के लिए इन दिनो भारी जद्दोजहद व मसक्कत करनी पड़ रही है। लेकिन इसकी चिंता ना तो शासन प्रशासन को है और ना ही संबंधित विभाग को।

**क्या कहते हैं कुल्हाड़ीघाट सरपंच** : ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया ग्राम कुर्वापानी, भालूडिग्गी, ताराझर मे एक भी हैडपम्प नहीं है। कुआं है, लेकिन गर्मी मे सूख जाता है। झरिया का पानी खोदकर यहां के ग्रामीण प्यास बुझाते हैं। उन्होंने बताया गरियाबंद कलेक्टर के विशेष प्रयास से मटाल मे पेयजल समस्या दूर करने के लिए कुआं खोदा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में यहां पानी की समस्या का समाधान होगा।

### 20 दिनों से जल...

कई गांवों में अभी योजना का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। जहां पूरा हुआ है वहां जल स्रोत नहीं मिलने के कारण योजना का क्रियान्वयन ठप पड़ा है। विभाग अब आसपास के गांवों में जल स्त्रोत तलाश रहा है। ग्राम कुदर में सब कुछ ठीक चल रहा था। गर्मी बढ़ने एवं पानी की मांग बढ़ने पर ग्राम पंचायत कुदर के ग्रामीणों ने योजना की पाइपलाइन में छेड़छाड़ कर अपने घरों में मोटा पाइप लगा दिया जिसके कारण पिछले दो महीने से भूमि टोंगरी पारा के ग्रामीणों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा है। पारा के सभी हैंडपंप बंद होने के कारण ग्रामीणों को एक निजी ट्यूबवेल से 40 रुपए महीने की दर से भुगतान कर पानी खरीदना पड़ रहा है। पानी के लिए सुबह होते ही ट्यूबवेल पर मुहल्ले भर की महिलाएं उमड़ पड़ती है। आधे घंटे के बाद ट्यूबवेल से पानी निकलना बंद हो जाता है। आधे घंटे के इंतजार के बाद दोबारा पानी निकलता है। ऐसे में महिलाओं को पानी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार ने भूमि टोंगरी पारा में ट्यूबवेल खनन कराया था लेकिन पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण उसने पंप लगाकर ग्रामीणों के हवाले कर दिया। तीन महीने पूर्व सरपंच ने ट्यूबवेल का पंप निकाल लिया जिसके बाद ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। 20 दिन पूर्व जल जीवन मिशन का पंप जल गया जिसके बाद से पूरे गांव की आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों की शिकायत पर विभाग के अधिकारियों ने शीघ्र पंप का सुधार कराने एवं भूमि टोंगरी पारा में पंप लगाने का आश्वासन दिया था लेकिन लम्बा समय गुजरने के बाद भी इस दिशा में कोई पहल नहीं हो सकी है। इस संबंध में पीएचई के ईई एसके सिन्हा ने बताया कि ठेकेदार को प्रमुखता पूर्वक पंप का सुधार कराने निर्देशित किया गया है। मैं तत्काल इस संबंध में जानकारी लेता हूं।

### भाजपा स्थापना दिवस पर...

के प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पार्टी का ध्वज फहराया। इसके बाद श्री साय सहित भाजपा नेताओं ने कार्यालय परिसर में स्थित स्मृति मंदिर में भारतमाता के चित्र और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटलबिहारी वाजपेयी, कुशाभाऊ ठाकरे और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा की अब तक की राजनीतिक यात्रा की चर्चा करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस और रामनवमी की बधाई दी। स्थापना दिवस पर रविवार को प्रदेश व जिला कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश उपाध्यक्ष व स्थापना दिवस कार्यक्रम की संयोजक लक्ष्मी वर्मा, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, संपत अग्रवाल, सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी समेत कई पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**भाजपा एक वैचारिक आंदोलन भी** : भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भाजपा संगठन के साथ-साथ एक वैचारिक आंदोलन भी है। भाजपा के लक्ष्य, कार्यपद्धति और विचार को हम अपनी अंतरात्मा में संजोकर आगे बढ़ें। भाजपा के रूप में स्थापित यह वैचारिक आंदोलन उसके लक्ष्य तक पहुंचाने का संकल्प आज हम सब लेकर आगे बढ़ें।

### लंदन का प्रसिद्ध...

तिवारी ने मानवाधिकार आयोग से इस मामले की शिकायत की थी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। बताया जा रहा है कि जिस अस्पताल की ये घटना है, वह प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत आता है। दावा किया गया कि इसलिए सरकारी धन का दुरुपयोग भी किया गया है। अब इस पूरे मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

### चीतों को परात में...

भरता है और शिकार के बाद पेड़ के नीचे बैठकर अपने शवकों के साथ आराम कर रही ज्वाला को आवाज देता है। वह चीतों को अंग्रेजी में ह्यकमह्न कहकर बुलाता है, यह सुनते ही ज्वाला और उसके चारों शवक तुरंत उसके पास पहुंच जाते हैं और परात से पानी पीते हैं। बताया जा रहा है कि इससे कुछ देर पहले ही चीता फैमिली ने बकरियों का शिकार किया था। वन विभाग ने वन्य जीव संरक्षण और सुरक्षा के खिलाफ यह कदम माना है। गुर्जर को नौकरी से फौरन हटा दिया है। वन्य जीवों से इस तरह का नजदीकी बर्ताव पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

# वो बेवफा थी इसलिए...बेंगलुरु के शख्स ने बीच सड़क ली पत्नी की जान

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बीच सड़क पर हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, उसे शक था कि उसकी पत्नी उसके साथ बेवफाई कर रही है। यह घटना कर्नाटक की राजधानी के इलेक्ट्रॉनिक सिटी इलाके में हुई है।

महिला की हत्या बीच सड़क पर लोगों के सामने की गई। हमलावर की पहचान 43 वर्षीय कृष्णप्पा के तौर पर की गई है, जो चिक्काबल्लापुर जिले के बागेपल्ली में दिहाड़ी मजदूरी करता है। कृष्णप्पा ने यह हमला शुक्रवार रात करीब 8 बजे उस वक्त किया जब शारदा अपने काम से वापस घर आ रही थी। कृष्णप्पा को अपनी पत्नी के ऊपर शक था कि वह उसे धोखा दे रही है।स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

**सबके सामने काटा गला** : शुक्रवार रात करीब 8 बजे कृष्णप्पा ने घर वापसी कर रही अपनी पत्नी का गला काटकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 35 साल की शारदा एक घरेलू कामगार थी। हमले के समय वह अपने काम से घर लौट रही थी। कृष्णप्पा ने बीच सड़क पर चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, कृष्णप्पा हत्या के इरादे से बागेपल्ली से आया था। वह अपनी पत्नी के घर जाने के लिए उसके रास्ते पर इंतजार कर रहा था।

### मदद न मिलने पर हुई मौत

शारदा जैसे ही उसके पास पहुंची, कृष्णप्पा ने उस पर हमला कर दिया और उसके गले पर बार-बार चाकू से वार किया। हमले के बाद शारदा वहीं पर गिर गई और किसी भी तरह की मदद न मिलने के चलते उसकी मौत हो गई।

# ईद पर फलस्तीन का झंडा लहराने वाला बिजली विभाग का संविदाकर्मी बर्खास्त



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में ईद की नमाज के दौरान फलस्तीन का झंडा लहराने वाले कैलाशपुर बिजली विभाग के संविदाकर्मी को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया है।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कैलाशपुर बिजलीघर में संविदाकर्मचारी साकिब खान ने ईद के दिन नमाज अदा करने के बाद फलस्तीन का झंडा लहराया और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। साकिब कैलाशपुर में 'फीडर' के पद पर कार्यरत था।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पखांजूर

CSPDCL (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) ( छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्या. कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग छ.ग.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमिटेड पखांजूर

क्र. कार्य.अभि./पखांजूर/सा/ प्रकाशन / 48 पखांजूर, दिनाँक :- 04/04/2025

### बिजली बंद होने की सूचना

सभी सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि कापसी सब-स्टेशन 33/11 के.व्ही. से निकलने वाली सभी 11 KV लाईने पावर ट्रांसफार्मर चार्ज करने हेतु दर्शाये गये तारीख को विद्युत सप्लाई सुबह 11.00 से शाम 05 बजे तक बाधित रहेगी।

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 07.04.2025 | कापसी सब स्टेशन 33/11 के.व्ही. से निकलने वाली सभी 11 के.व्ही. लाईन | कापसी वितरण केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले सभी ग्राम |

नोट :-
01. आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है।
02. बिजली चोरी करना दंडनीय अपराध है।
03. स्वहित एवं राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचायें ।
04. समयावधि मे देयक का भुगतान करें एवं लाईन विच्छेदन से बचें।

कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि. पखांजूर



## Home First Finance Company India Limited

homefirst We'll take you home
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

### धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक जमानतदार के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 05-04-2025 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 05-04-2025 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है :

| क्र. सं. | खाते, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग सूचना की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | लता महाद्वारे 2, स्व. संतोष कुमार महाद्वारे (मृतक), स्व. संतोष कुमार महाद्वारे(मृतक) के अन्य कानूनी प्रतिनिधि | रो हाउस-हाउस नंबर 102, हाउसिंग बोर्ड दादर चरोदा, भिलाई, चरोदा भिलाई ख.नं.- 033, एलआईजी 102, भिलाई, छत्तीसगढ़-490024, चौहद्दी: उत्तर- गली, दक्षिण -एल.आई.जी.-101, पूर्व-सड़क, पश्चिम - एल.आई.जी.-97 | 13,07,272 |
| 2. | राम चावड़ा, धनलक्ष्मी चावड़ा | मकान-खाता क्र. 10, लक्ष्मी कुंज, खाता क्र.1042, भाग 03, ख. नं. 63/8, प.ह.नं. 107/37, मौजा-गुढ़ियारी, शिवानंद नगर, नेता जी कन्हैयालाल बंजारी वार्ड क्र. 08, रा.नि.मं./तहसील/जिला-रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492011 चौहद्दी: उत्तर-एम.एम. मलिक का मकान, दक्षिण-प्रवीण देसाई का मकान, पूर्व-सड़क, पश्चिम-यादव का मकान। | 5,65,478 |

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपरोक्त राशि ब्याज और लागत के साथ चुकाएं, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं-(1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को जारी करने के लिए पट्टे, बिक्री के असाइनमेंट के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार शामिल हैं (2) पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करना।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित संपत्ति को होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर, भिलाई
दिनांक: 07-04-2025

द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड


## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# सीबीआई ने 5832 करोड़ के खनन घोटाले में 12 जगह मारे छापे, दस्तावेज बरामद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ तमिलनाडु में अवैध बीच सैंड खनन पर शिकंजा

तमिलनाडु में लंबे समय से चल रहे अवैध बीच सैंड खनन के मामले में अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने इस घोटाले में 07 मामले दर्ज किए हैं और तिरुनेलवेली, तूतीकोरिन और कन्याकुमारी जिलों में 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं।

सीबीआई की टीम ने शुरुआती जांच में अहम दस्तावेज जब्त किए हैं और कहा है कि जांच अभी जारी है। इस मामले में और भी बड़े नामों के सामने आने की संभावना है। सीबीआई की इस कार्रवाई से एक बार फिर साबित हुआ है कि अब भ्रष्टाचार और अवैध खनन पर सरकार और एजेंसियां सख्त रवैया अपना रही हैं।

*21 लोग और 6 कंपनियों पर केस*
*सीबीआई ने इन मामलों में 21 लोगों और 6 कंपनियों/फर्मों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके साथ ही कुछ अनाम सरकारी अधिकारी और निजी लोग भी जांच के घेरे में हैं। आरोप है कि इन कंपनियों ने 2000 से 2017 के बीच सरकारी अफसरों से मिलीभगत कर खनिजों की चोरी, धोखाधड़ी और कई कानूनों का उल्लंघन किया।*

## शब्द पहेली - 5829



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह, शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 5828 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5839

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

सूडोकु नवताल- 5838 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

## खबर संक्षेप



### जोमैटो के सीओओ रिंशुल चंद्रा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली**। खाद्य उत्पादों की आपूर्ति करने वाले मंच जोमैटो के मुख्य परिचालन अधिकारी रिंशुल चंद्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह सूचना दी है। जोमैटो ने शनिवार को दी इस सूचना में कहा कि चंद्रा ने नए अवसरों को ध्यान में रखते हुए खाद्य आपूर्ति कारोबार के सीओओ पद से इस्तीफा दे दिया है। जोमैटो के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपिंदर गोयल को संबोधित अपने त्यागपत्र में चंद्रा ने लिखा, ''काफी सोच-विचार के बाद मैंने नए अवसरों और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

### बीते सप्ताह मूंगफली व सरसों तेल के भाव बढ़े



**नई दिल्ली**। विदेशों में खाद्य तेलों के दाम धराशायी होने तथा 'शुल्क युद्ध' की बढ़ती आशंकाओं के बीच कारोबारी धारणा बिगड़ने के कारण बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम टूट गए और सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम पर्याप्त हानि के साथ बंद हुए। पिछले सप्ताह जिस कच्चे पामतेल (सीपीओ) का दाम 1,200-1,205 डॉलर प्रति टन था।

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस को हुआ नुकसान



**नई दिल्ली**। कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,94,170.16 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,050.23 अंक या 2.64 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत का नुकसान रहा।

### एक्मे सौर कारोबार से राजस्व प्राप्त करेगा



**नई दिल्ली**। एक्मे समूह ने सौर मॉड्यूल और सौर सेल निर्माण कारोबार से वर्ष 2030 तक 10,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। समूह ने एक बयान में कहा कि यह उसकी रणनीतिक व्यापार विविधीकरण रणनीति का हिस्सा है क्योंकि समूह नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन से हटकर भी अपने व्यापार का विस्तार कर रहा है। गुरुग्राम स्थित समूह ने लगभग 230 करोड़ रुपये के मौजूदा निवेश और जयपुर में 1.2 गीगावाट की वार्षिक क्षमता वाले एक सौर मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र के साथ नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश किया है।

### अमेरिका में 2.28 लाख लोगों को मिला रोजगार



**वाशिंगटन**। अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने यानी मार्च में आश्चर्यजनक रूप से 2,28,000 लोगों को नौकरियां दीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध शुरू करने, केंद्रीय कर्मचारियों को निकालने और अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने के बीच अमेरिकी श्रम बाजार में मजबूती बनी हुई है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बेरोजगारी दर बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गई। वहीं, फरवरी में नियुक्तियों की संख्या 1,17,000 से अधिक थी।

# गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट, चीन-अमेरिका के ट्रेड वार से मंदी का खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ट्रेड वॉर का असर अब तेल बाज़ार पर भी दिखने लगा है। गोल्डमैन सैक्स ने अपने ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई ऑयल के प्राइस अनुमान में तेज़ी से कटौती की है। ब्रेंट का औसत दाम इस साल अब 69 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई का 66 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान है। इससे पहले यह अनुमान इससे 5 से 6 फीसदी ज़्यादा था।

गोल्डमैन सैक्स के ऑयल रिसर्च हेड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2026 तक मंदी का खतरा बढ़ रहा है और ऊपर से ओपेक+ का बढ़ता प्रोडक्शन इन सब वजहों से हमें लगता है कि कच्चे तेल के दाम और भी गिर सकते हैं। इतना ही नहीं, 2026 के लिए ब्रेंट क्रूड का अनुमान अब 62 डॉलर और डब्ल्यूटीआई का 59 डॉलर कर दिया गया है। यानी लॉन्ग टर्म में भी गिरावट की आशंका है। कच्चे तेल में इस गिरावट के पीछे कुछ बड़े कारण हैं। जैसे- चीन ने अमेरिका पर 34 फीसदी टैरिफ बढ़ाया, जिससे ट्रेड वॉर और गहरा गया। दरअसल, ट्रंप सरकार ने एक के बाद एक कई देशों पर भारी टैक्स लगा दिए, जो पिछले 100 सालों में सबसे ऊंचे हैं। इसके अलावा, ओपेक+ देशों ने अचानक मई से प्रोडक्शन बढ़ाने का ऐलान कर दिया और अब वो 411,000 बैरल प्रति दिन उत्पादन वापस बाज़ार में लाएंगे। पहले ये आंकड़ा 135,000 था। वहीं, रशियन कोर्ट ने कॉस्पियन पाइपलाइन टर्मिनल बंद करने की याचिका को खारिज किया।

## ट्रेड वॉर का असर अब ब्रेंट क्रूड ऑयल पर पड़ा

### तेल की कीमतों में ऐतिहासिक गिरावट

गुरुवार और शुक्रवार को कच्चे तेल के दामों में 7 फीसदी से भी ज़्यादा की गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड कीमत, 65.58 डॉलर प्रति बैरल थी. जबकि डब्ल्यूटीआई 61.99 डॉलर प्रति बैरल थी। यह दोनों कीमतें 4 साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। एक हफ्ते में ब्रेंट 10.9 फीसदी और डब्ल्यूटीआई 10.6 फीसदी गिर गया है यह गिरावट पिछले दो सालों में सबसे बड़ी है।




### मंदी की आहट?

जेपी मोर्गन अब 60 फीसदी चांस देख रहा है कि इस साल के अंत तक दुनिया भर में मंदी आ सकती है। पहले ये अनुमान 40 फीसदी था। एचएसबीसी ने भी तेल की मांग का अनुमान घटा दिया है। अब उन्हें लगता है 2025 में डेली डिमांड सिर्फ 0.9 मिलियन बैरल बढ़ेगी, पहले ये 1 मिलियन थी।

### इसका मतलब क्या है आपके लिए?

अगर आप निवेशक हैं, तो ये समय बड़ी चालाकी से फैसले लेने का है। क्रूड की गिरती कीमतें कुछ सेक्टर्स के लिए राहत ला सकती हैं लेकिन ट्रेड वॉर और मंदी का डर बाजार को अनिश्चित बना रहा है।

## मुद्रास्फीति में कमी से बैंक के पास ब्याज दर में कटौती की गुंजाइश

# रिजर्व बैंक रेपो दर में कर सकता है 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह अपनी मौद्रिक समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में एक बार फिर से 0.25 प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। मुद्रास्फीति में कमी से केंद्रीय बैंक के पास ब्याज दर में कटौती की गुंजाइश है। अमेरिका की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

ऐसे में घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने की जरूरत महसूस की जा रही है। फरवरी में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद रेपो दर में पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था।

## मौद्रिक समीक्षा बैठक में 9 अप्रैल को होगी घोषणा




### रेपो दर में कटौती संभव: सबनवीस

सबनवीस ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क से वृद्धि की संभावनाओं और मुद्रा पर कुछ प्रभाव पड़ेगा, जिस पर एमपीसी को अर्थव्यवस्था की स्थिति के सामान्य आकलन से परे विचार करना होगा। सबनवीस ने कहा, हालांकि लगता है कि मुद्रास्फीति की संभावनाएं नरम होने और तरलता के स्थिर होने के साथ इस बार रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है।

### सीआरआर में कटौती की उम्मीद: इक्रा

इक्रा ने कहा, ''हमें एमपीसी बैठक में नकद आरक्षित अनुपात में कटौती जैसी किसी बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं है।''इस बीच, उद्योग मंडल एसोचैम ने सुझाव दिया है कि एमपीसी को आगामी मौद्रिक नीति में मौजूदा स्थिति में दर में कटौती करने के बजाय 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाना चाहिए।

### कोविड के समय रेपो दर में हुई थी कमी

पिछली बार आरबीआई ने कोविड के समय (मई, 2020) रेपो दर में कमी की थी और उसके बाद इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि इस सप्ताह घोषित की जाने वाली नीति ऐसे समय में आएगी जब पूरी दुनिया और अर्थव्यवस्था के भीतर कई चीजें घटित हो रही हैं।

### एमपीसी की 54वीं बैठक 7 अप्रैल से

एमपीसी की 54वीं बैठक सात अप्रैल से शुरू होगी। बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अप्रैल को की जाएगी। आरबीआई गवर्नर के अलावा एमपीसी में केंद्रीय बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त तीन लोग होते हैं।

### बैंक रुख को और उदार बना सकता है

यह भी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक अपने रुख को अधिक उदार करेगा, जिसका अर्थ होगा कि इस साल के दौरान दरों में और कटौती होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को भारत और चीन सहित लगभग 60 देशों पर 11 से लेकर 49 प्रतिशत तक का जवाबी शुल्क लगाया है।

### भारत के निर्यात में कई देश प्रतिस्पर्धी

भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों हैं क्योंकि निर्यात में उसके कई प्रतिस्पर्धी देश जैसे चीन, वियतनाम, बांग्लादेश, कंबोडिया और थाइलैंड ऊंचे शुल्क का सामना कर रहे हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा को भी उम्मीद है कि एमपीसी अपनी आगामी बैठक में तटस्थ रुख बनाए रखते हुए रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की कटौती करेगी।

# आरबीआई के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

## 'ट्रंप' शुल्क के प्रभाव भी बाजार पर डालेगा असर



**नई दिल्ली**। इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में कई तरह के घटनाक्रमों के बीच काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों कहना है कि एक तरफ निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क के वैश्विक व्यापार और महंगाई पर व्यापक असर का आकलन कर रहे हैं, वहीं सप्ताह के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक भी है। इसके अलावा अमेरिका से मुद्रास्फीति के आंकड़े भी आने हैं। ये सभी घटनाक्रम बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
विशेषज्ञों के अनुसार, निवेशकों को आशंका है कि एक पूर्ण व्यापार युद्ध वैश्विक व्यापार और आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करेगा। 'श्री महावीर जयंती' के अवसर पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''यह सप्ताह वैश्विक और भारतीय बाजारों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दुनिया के विभिन्न देशों पर शुल्क लगाया है, जिससे व्यापक व्यापार युद्ध और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंकाएं बढ़ गई हैं। सिंघानिया ने कहा, ''अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े और फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा भी सप्ताह के दौरान जारी किया जाएगा।''

### बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा


वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''इस सप्ताह अमेरिकी जवाबी शुल्क की चिंता और क्षेत्र आधारित विशेष शुल्क की घोषणा की संभावना के बीच भारतीय बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहने की आशंका है।''

# पन्द्रह लाख रुपए कमाने वालों के लिए पुरानी कर व्यवस्था बेहतर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नये वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ आयकरदाताओं को नई और पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प चुनने की जरूरत होगी। ऐसे में नई कर व्यवस्था में छूट सीमा बढ़ने के साथ यह जानना जरूरी है कि कर की कौन सी प्रणाली उनके लिए बेहतर है।

परामर्श कंपनी टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी में भागीदार विवेक जालान का कहना है कि 12 लाख रुपये (वेतनभोगी



व्यक्तियों के लिए 12.75 लाख रुपये) तक की सालाना आय वाले करदाताओं के लिए नई कर व्यवस्था उपयुक्त है लेकिन इससे अधिक आय वाले व्यक्तियों के लिए कौन सी प्रणाली बेहतर होगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि करदाता कर देनदारी को कम करने के लिए बचत और निवेश की कोई योजना बना रहा है या नहीं।

जालान ने यह भी कहा कि पुरानी कर व्यवस्था तभी लाभकारी होगी जब करदाता लगभग 5.5 लाख रुपये की कटौती का दावा करने की स्थिति में हो। हालांकि, यदि कुल सालाना आय लगभग 15,00,000 रुपये से अधिक नहीं है, तभी लगभग 5.5 लाख की कटौती का लाभ होगा। इससे अधिक सालाना आय के लिए नई कर व्यवस्था उपयुक्त होगी।

# एफएमसीजी का ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों के लिए मार्च तिमाही में ग्रामीण बाजार की वृद्धि शहरी बाजार से बेहतर रही है। इस दौरान जिंस कीमतें ऊंची रहने की वजह से एफएमसीजी कंपनियों के मार्जिन पर दबाव रहा।

कुछ प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों की तरफ से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सूचीबद्ध एफएमसीजी कंपनियों डाबर,



मैरिको और एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस (पूर्व में अदाणी विल्मर) के तिमाही ब्योरे से पता चलता है कि जनवरी-मार्च, 2025 में परंपरागत किराना दुकानें दबाव में रहीं। वहीं आधुनिक माध्यम मसलन ई-कॉमर्स और त्वरित वाणज्य (क्विक कॉमर्स) ने अपनी वृद्धि की रफ्तार बनाए रखी। खाद्य मुद्रास्फीति ने शहरी बाजार में मांग को प्रभावित करना जारी रखा है।

कुल एफएमसीजी बिक्री में शहरी बाजार का योगदान लगभग दो-तिहाई का है। हालांकि, एफएमसीजी कंपनियां मौजूदा प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में लाभदायक वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं।

### हुंडई की घरेलू ईवी बाजार में हिस्सेदारी 13 फीसदी होगी




**नई दिल्ली**। भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले चार-पांच साल में इसकी घरेलू यात्री वाहन खंड में 12 से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। हुंडई मोटर इंडिया के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि उद्योग को अब यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि देश में आगे बढ़ने का रास्ता ईवी ही है। गर्ग ने बातचीत में कहा, 'पहले यह साफ नहीं था कि यह ईवी होगा या हाइब्रिड या कोई अन्य प्रौद्योगिकी। अब यह स्पष्ट है कि सभी नीतियां ईवी के पक्ष में हैं।'

उन्होंने कहा कि हुंडई, महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी मुख्यधारा की मूल उपकरण विनिर्माता पहले से ही इस क्षेत्र में हैं, और अब मारुति सुजुकी के इस क्षेत्र में उतरने के साथ यह स्पष्ट है कि ईवी की पहुंच बढ़ने वाली है। गर्ग ने कहा कि 2030 तक ईवी की पैठ लगातार बढ़ने की उम्मीद है।








# अजेय पीएसजी ने 13वीं बार जीता फ्रांसीसी लीग का खिताब

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस सेंट जर्मेन ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार रात को यहां एंजर्स को 1-0 से हराकर छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग (लीग 1) का खिताब अपने नाम पर सुरक्षित किया। पीएसजी का यह लीग 1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया।

उसकी यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया।



**28 मैच में 23वीं जीत**

मैच समाप्त होने के बाद पीएसजी के खिलाड़ियों ने कोच लुई एनरिक को कंधों पर उठा लिया। पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2-1 से हराया। पीएसजी ने अपने अभियान में अभी तक 80 गोल किए हैं जबकि उसने केवल 26 गोल खाए हैं।

## मैड्रिड की हार का पूरा फायदा नहीं उठा सका बार्सिलोना

**बार्सिलोना।** विनीसियस जूनियर पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। इससे बार्सिलोना स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रियल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान पर वालेंसिया के हाथों 2-1 से मिली हार का पूरा फायदा नहीं उठा पाया। रियल मैड्रिड के लिए राहत की बात यह रही कि दिल तोड़ने वाली इस हार के कुछ घंटे बाद बार्सिलोना को रियल बेटिस ने उसके घरेलू मैदान पर 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। इस मैच के ड्रॉ छूटने से बार्सिलोना के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर काबिज रियल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। रियल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक हैं। प्रतियोगिता में अभी आठ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।



खास खबर

## बेंगलुरु से मैच से पहले इंडियंस से जुड़े बुमराह



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को रविवार को मजबूती मिली जब उसके शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले टीम से जुड़ गए। अभी हालांकि यह पता नहीं चला है कि भारत के इस शीर्ष तेज गेंदबाज को टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की फिटनेस मंजूरी मिली है या नहीं। मुंबई इंडियन्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, 'कभी शावक रहा अब शेर, शेर फिर से जंगल का राजा बनने के लिए वापस आ गया है।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पंजाब | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 5 | 2 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
201 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
10 विकेट
चेन्नई

### आईपीएल : सनराइजर्स को 7 विकेट से दी करारी शिकस्त

# सिराज के 'चौके' से गुजरात का 'चौका' हैदराबाद की सत्र में लगातार चौथी हार

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

गुजरात टाइटन्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की। इस तरह सनराइजर्स हैदराबाद को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। टाइटंस ने लगातार तीसरी और सनराइजर्स पर ओवरऑल चौथी जीत दर्ज की है।

कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी हुई। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी से गुजरात जीत गई। इसके पहले प्लेयर ऑफ द मैच तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट चटकाए। सिराज के अलावा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने दो दो विकेट झटके।



## सिराज ने चार विकेट लेकर किया 100वां शिकार

आईपीएल 2025 के 19वें लीग मुकाबले में मोहम्मद सिराज का गेंद से कमाल देखने को मिला। सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले में सिराज ने एक खास उपलब्धि हासिल की। वह इंडियन प्रीमियर लीग में अपने 100 विकेट पूरे करने में कामयाब रहे। सिराज मैच में चार ओवर में 17 रन देने के साथ 4 विकेट लेने में भी सफल रहे। सिराज अब तक इस सीजन 9 विकेट लेने में कामयाब हुए हैं। वह आईपीएल में 100 विकेट पूरा करने वाले 12वें भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं।

### हैदराबाद के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हुआ। वह गुजरात टाइटंस के खिलाफ उनका 152 रनों का स्कोर साल 2024 के आईपीएल सीजन से अब तक का दूसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले हैदराबाद की टीम ने साल 2024 के आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 113 रनों का स्कोर बनाया था।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का तेवतिया बो सिराज | 18 | 16 | 4 | 0 |
| हेड का सुदर्शन बो सिराज | 08 | 05 | 2 | 0 |
| किशन का इशांत बो कृष्णा | 17 | 14 | 2 | 0 |
| रेड्डी का राशिद बो साई किशोर | 31 | 34 | 3 | 0 |
| क्लासेन बो साई किशोर | 27 | 19 | 2 | 1 |
| अनिकेत पगबााा बो सिराज | 18 | 14 | 2 | 0 |
| मेंडिस का साई सुदर्शन बो कृष्णा | 01 | 05 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 22 | 09 | 3 | 1 |
| सिमरजीत सिंह बो सिराज | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 06 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 152/8
गेंदबाजी : सिराज 4-0-17-4, ईशांत 4-0-53-0, कृष्णा 4-0-25-2, राशिद 4-0-31-0, किशोर 4-0-24-2.

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का वर्मा बो शमी | 05 | 09 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 61 | 43 | 9 | 0 |
| बटलर का क्लासेन बो कमिंस | 00 | 03 | 0 | 0 |
| सुंदर का वर्मा बो शमी | 49 | 29 | 5 | 2 |
| शेरफाने रदरफोर्ड नाबाद | 35 | 16 | 6 | 1 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 16.4 ओवर में 153/3
गेंदबाजी : शमी 4-0-28-2, पैट कमिंस 3.4-0-26-1, सिमरजीत 1-0-20-0, उनादकट 2-0-16-0, अंसारी 4-0-33-0, मेंडिस 1-0-12-0, अभिषेक 1-0-18-0.

## मुझे नहीं पता कि आज के दौर में कहां फिट बैठता : ओवेन

**मुंबई।** इंग्लैंड और रियल मैड्रिड के पूर्व फॉरवर्ड माइकल ओवेन का मानना है कि फुटबॉल का खेल तेजी से विकसित हो रहा है और टीमें इन दिनों दो स्ट्राइकरों का उपयोग करने से बचती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह आधुनिक दौर के खेल में कैसे फिट होंगे। ओवेन कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सुपरस्टार जैसे लुइस फिगो, कार्ल्स पुयोल, रिवाल्डो, जावी के साथ मुंबई में हैं। इनके सब के अलावा कुछ और पूर्व दिग्गज रियल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना के खिलाड़ियों के बीच 'लीजेंड्स फेसऑफ' मैच में भाग लेंगे। ओवेन ने रविवार को यहां मैच से पहले कहा, 'यह खेल निश्चित रूप से बदल गया है। जब मैं बड़ा हो रहा था और जब मैं पेशेवर फुटबॉल खेलता था तब लगभग हर टीम के पास दो स्ट्राइकर होते थे। अब शायद ही कोई ऐसा करता हो। अब ज्यादातर टीमों में दो स्ट्राइकर नहीं होते हैं। उनकी भूमिका बदल गई है। मुझे नहीं पता कि मेरे जैसा खिलाड़ी आज के दौर में टीम में किस भूमिका में होता।'



## आर्चर का प्रदर्शन बेहतर होता जा रहा है : संदीप



**चंडीगढ़।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने कहा कि टीम के उनके साथी और दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है जो उनकी टीम के लिए अच्छा संकेत है। आर्चर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरुआती मैच में चार ओवर में 76 रन लुटा दिए थे। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 2.3 ओवर में 33 रन दिए। वह इस मैच में विकेट हासिल करने में भी नाकाम रहे। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने हालांकि इसके बाद अपने प्रदर्शन में सुधार किया।

### खबर संक्षेप

## आज वापसी के इरादे से उतरेगा मोहन बागान

**कोलकाता।** मेजबान मोहन बागान सुपर जाइंट सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे चरण में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेगा। मोहन बागान सुपर जाइंट की टीम पहले चरण का मुकाबला 1-2 से हार गई थी और विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में उसे बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। लीग शील्ड जीतने वाले मोहन बागान का मनोबल इस बात से भी बढ़ेगा कि उसके घरेलू मैदान में पिछले छह मैच में उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है।

## कर्नल राजपाल बने दिल्ली जूडो परिषद के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** स्वतंत्र क्लब के कर्नल राजपाल सिंह को दिल्ली जूडो परिषद का अध्यक्ष और भारतीय जूडो अकादमी के नवीन चौहान को महासचिव चुना गया है। दिल्ली जूडो परिषद के चुनाव शनिवार को राजधानी में हुए। खेल संस्था ने एक बयान में कहा, 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि स्वतंत्र क्लब के कर्नल राजपाल सिंह को दिल्ली जूडो परिषद का अध्यक्ष चुना गया है। उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव और खेलों के विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से परिषद को गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व मिलने की उम्मीद है।' सोनम को कोषाध्यक्ष चुना गया है।



## तेलंगाना, दादरा एवं नगर हवेली ने दर्ज की जीत



**झांसी।** तेलंगाना, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव ने रविवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी पहली जीत दर्ज की। तेलंगाना ने दिन के पहले मुकाबले में उत्तराखंड पर 4-0 से जीत दर्ज की। दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव ने इसके बाद असम को 2-1 से हराया।

### विश्व मुक्केबाजी कप

# हितेश बने वर्ल्ड चैंपियन भारत ने जीते छह पदक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजों ने ब्राजील के फोज डू इगुआकू में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में अपने अभियान का अंत छह पदक के साथ किया जिसमें हितेश का स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था। हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं।

हितेश के प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के जदुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

### तैयारी शिविर से मिली मदद

हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा, 'शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।'

### खिलाड़ियों का बढ़ा आत्मविश्वास

भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।

## जयसूर्या ने स्टेडियम बनाने के लिए मोदी से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज और मौजूदा समय में मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक खास मांग की है। पीएम मोदी ने हाल ही में श्रीलंका दौरे के दौरान श्रीलंकाई क्रिकेटरों के साथ मुलाकात की थी जिसमें जयसूर्या भी शामिल थे। बातचीत के दौरान जयसूर्या ने प्रधानमंत्री से जाफना में क्रिकेट स्टेडियम बनाने में मदद करने की मांग की। पीएम मोदी के साथ बैठक में श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज सनथ जयसूर्या, चामिंडा वास, अरविंदा डि सिल्वा, मरवान अट्टापट्टू और अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे। पीएम मोदी तीन दिवसीय दौरे पर श्रीलंका गए हुए थे। भारत के ऐतिहासिक तौर पर श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध रहे हैं।



### लीजेंड्स फेसऑफ : रियल मैड्रिड लेयेंडास ने एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स को 2-0 से हराया

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

रियल मैड्रिड लेयेंडास ने फुटबॉल के पूर्व दिग्गजों के मुकाबलों 'लीजेंड्स फेसऑफ' में रविवार को यहां एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स को 2-0 से मात दी। लुइस फिगो और माइकल ओवेन के बनाए मौकों को मोरिएंटेस ने गोल में बदल कर 14वें मिनट में रियल मैड्रिड की टीम का बढ़त दिला दी।

मैच के शुरुआती हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा था तो वहीं दूसरे हाफ में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स ने उसकी रक्षा पंक्ति को भेदने के लिए कड़ी मेहनत की। स्टेडियम में मौजूद दर्शक शोर मचाकर फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थे। दोनों टीमें गोल करने के लिए पूरा जो लगा रही थी। बार्सिलोना के पास स्कोर बराबरी करने का मौका था लेकिन टीम उसका फायदा उठाने में विफल रही। इस बीच रियल मैड्रिड ने 69वें मिनट में अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। डेविड बैरल ने शानदार खेल दिखाते हुए कार्ल्स पुयोल और फ्रैंक डी बोअर जैसे दो दिग्गज डिफेंडर को छकाने के बाद गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल कर दिया। इस गोल ने मैड्रिड के खेमे में जोश भर दिया और डीवाई पाटिल स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया।



## बुमराह की वापसी से मुंबई मजबूत, आज रॉयल चैलेंजर्स देगी चुनौती

**मुंबई।** जसप्रीत बुमराह की वापसी से मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी की चिंताएं थोड़ी कम हो सकती हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बुमराह ने शनिवार रात को मुंबई इंडियंस के शिविर में शामिल होने के बाद रविवार को यहां नेट्स पर अभ्यास किया जो मुख्य कोच महेला जयवर्धने के लिए आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए उनकी उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त संकेत है। पांच बार के चैंपियन मुंबई को अभी तक चार मैच में से तीन में पराजय का सामना करना पड़ा है।

### हिटमैन एक-दूसरे से हर तरह के सवाल और संदेह साझा करने वाला साथी

# 'रोहित को थैंक्स कहना चाहता हूं...', कोहली का वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच का फैंस को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि इसमें एक बार फिर क्रिकेट के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली एकसाथ मैदान पर नजर आएंगे। लेकिन इस मैच से पहले विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बातचीत की है। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। आरसीबी फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, 36 वर्षीय कोहली ने रोहित के साथ वर्षों से जुड़े अपने अनुभव, सवाल-जवाब और बॉन्ड के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमारा बॉन्ड बहुत शानदार है। मैं रोहित को थैंक्स कहना चाहता हूं। मुझे लगता है कि यह एक बहुत स्वाभाविक चीज है जब आप किसी के साथ इतने लंबे समय तक खेलते हैं और आप एक-दूसरे के खेल के बारे में अपनी समझ और सीख साझा करते हैं, आप अपने करियर में लगभग एक ही समय पर बढ़ रहे होते हैं और आप एक-दूसरे से हर तरह के सवाल और संदेह साझा करते हैं।'



कोहली ने आगे कहा कि इसमें बहुत सारे विचारों का आदान-प्रदान होता है और साथ ही आप जानते हैं कि हम टीम के नेतृत्व के मामले में भी बहुत करीब से काम करते थे, तो हमेशा विचारों का आदान-प्रदान होता था। कोहली ने यह भी कहा कि उन्हें कभी यह नहीं लगा था कि वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल तक खेलेंगे। उन्होंने अपने साथी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें कई यादें दी हैं।'

## धोनी को हेडेन ने दिया नई जॉब का ऑफर

**मुंबई।** आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को मैच खेला गया, जिसमें एक बार फिर सीएसके को हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में एक बार फिर एमएस धोनी लंबे समय तक क्रीज पर रहे लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। अब धोनी की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच, पूर्व सीएसके के खिलाड़ी ने भी धोनी के खराब फॉर्म पर टिप्पणी की है। साथ ही उन्हें नई जॉब का ऑफर भी दिया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू हेडेन ने कहा, 'धोनी को इस मैच के बाद हमारे साथ कमेंट्री बॉक्स में आना चाहिए। उसके लिए क्रिकेट खत्म हो चुका है। उसे यह तथ्य स्वीकार कर लेना चाहिए, जब तक सीएसके के लिए बहुत देर न हो जाए।'

## खबर संक्षेप

### भारत ने सी-17 विमान से भेजी मानवीय सहायता

**नई दिल्ली।** भारत ने म्यांमा में आए भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 31 टन और राहत सामग्री भेजी है। इसमें भारतीय सेना के 'फील्ड अस्पताल' के लिए जरूरी सामान भी शामिल है। यह सहायता 'सी-17 ग्लोबमास्टर' से भेजी गई। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान ने रविवार सुबह गाजियाबाद के हिंडन वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया और कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

### जीएसएम-जीपीएस ट्रांसमीटर लगे दोहरी धार वाले दो पक्षी बिहार से पहुंचे तिब्बत

**पटना।** बिहार के नागी डैम पक्षी अभयारण्य से दोहरी धारी वाले कलहंस (एक तरह का पक्षी) एक महीने से अधिक की लंबी यात्रा के बाद तिब्बत की आर्द्रभूमि तक पहुंच गए हैं जिसका पता उन पर लगाये गये सौर ऊर्जा चालित जीएसएम-जीपीएस ट्रांसमीटर से चला है। राज्य के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार ने यह जानकारी दी। 'बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी ने 22 फरवरी को जमुई जिले के नागी डैम पक्षी अभयारण्य में 'गगन' और 'वायु' नामक दो कलहंसों पर सौर ऊर्जा संचालित जीपीएस-जीएसएम टैग (ट्रांसमीटर) लगाए।

### अहमदाबाद में कांग्रेस का दो दिवसीय महाधिवेशन

# प्रियंका को मिल सकती है चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी, सीडब्लूसी में बड़े उलटफेर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी महाधिवेशन में संगठन को लेकर बडे बदलाव किये जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस एक नया इलेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम बनाने की योजना बना रही है, जिसका नेतृत्व एआईसीसी महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाडा को दिया जा सकता है! इस विभाग का उद्देश्य चुनावी रणनीति को मजबूत करना, स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल बनाना, और पार्टी को जमीनी स्तर पर सक्रिय करना होगा। यह कदम कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार करने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

कांग्रेस अधिवेशन पार्टी के लिए संगठनात्मक बदलावों का एक बड़ा मंच होगा। सूत्रों ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की उच्चाधिकार प्राप्त वर्किंग कमेटी, सीडबलूसी में भी व्यापक फेरबदल की संभावना है। निष्क्रिय सदस्यों को हटाया जा सकता है। नए अपेक्षाकृत युवा चेहरों को मौका दिया जा सकता है।

आगामी 8-9 तारीख को दो दिवसीय अधिवेशन में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का जुटान अहमदाबाद में होगा। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी 64 सालों के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में इस तरह का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित कर रही है। आगामी 8 और 9 को महात्मा गांधी की आइडियोलॉजी पर चलने वाली कांग्रेस पार्टी गांधी की धरती से नए कांग्रेस के गठन का संकल्प लेकर व्यापक विमर्श करेगी। पहले दिन 8 को 11.30 बजे सुबह अधिवेशन का आगाज शाहीबाग स्थित सरदार स्मारक से होगा। उसी दिन शाम को साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी को याद करते हुए एक प्रार्थना सभा रखी गई है उसके बाद शाम 5 बजे वहीं पर सीडब्लूसी की बैठक आहूत की जानी है।

#### 3 हजार डेलीगेट्स

देशभर से तकरीबन 3 हजार डेलीगेट्स की उपस्थिति में साबरमती नदी के तट पर विशेष रूप से तैयार किये गये पंडाल में अगले दिन 9 तारीख को नेशनल कंवेंशन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। पूरे अधिवेशन में प्रियंका गांधी वाडा के लिए प्रस्तावित नई जिम्मेदारी चर्चा का विषय रहेगी, ऐसी संभावना है।



#### विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटें जीतकर बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन उसके बाद हुए कई राज्य विधानसभा चुनावों (जैसे हरियाणा, दिल्ली आदि) में पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। दिल्ली में तो कांग्रेस लगातार तीसरे चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी। इन हार के बाद पार्टी नेतृत्व को यह एहसास हुआ कि चुनावी रणनीति और प्रबंधन में सुधार की सख्त जरूरत है।

#### यूपी में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं प्रियंका

प्रियंका गांधी को इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले भी उत्तर प्रदेश में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं और उनकी संगठनात्मक क्षमता को कार्यकर्ता सराहते हैं। प्रियंका ने 2019 में औपचारिक रूप से राजनीति में कदम रखा, जब उन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया था। 2020 में उनकी जिम्मेदारी पूरे उत्तर प्रदेश तक बढ़ाई गई। हालांकि, 2023 में उन्हें यूपी के प्रभारी पद से हटा दिया गया, जिसके बाद से उनके लिए एक राष्ट्रीय स्तर की भूमिका की चर्चा चल रही थी। उन्हें एआईसीसी महासचिव बनाया गया। वायनाड से सांसद चुनकर आईं। अब सांगठनिक कार्यकुशलता की कसौटी पर उन्हें कसे जाने की संभावना है।

# बलौदाबाजार से आकर क्रिकेट सट्टा खिला रहा था खाईवाल, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकण्डा थाना के पेट्रोलिंग पार्टी ने बलौदा बाजार से आकर किराए के मकान में आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहे खाईवाल सहित पांच लोगों को पकड़ लिया है। उनके कब्जे से 10 हजार 390 रुपए नकद, 6 मोबाइल, 1 लैपटाप, सट्टापट्टी लिखा रजिस्टर जब्त किया गया है। पुलिस सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार को सरकण्डा थाना के पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक मुकेश कुमार शर्मा, शिव कुमार जोगी को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली, कपिलनगर में संजीव सिंह के किराए के मकान में बाहरी लोगों के द्वारा बड़े पैमाने पर आईपीएल मैच क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा है। टीआई निलेश पाण्डेय के निर्देश पर दोनों आरक्षकों ने उक्त मकान में दबिश देकर मैच देखते हुए मोबाइल में सट्टा खिलाते खाईवाल राजदीप साहू पिता दामोदर प्रसाद साहू 23 साल अमलीडीह गिधौरी बलौदाबाजार, उसके सहयोगी किशोर कुमार कोयल पिता जगदीश कोयल 23 मोहतरा गिधौरी बलौदाबाजार, रथराम साहू पिता राधेश्याम साहू 24 साल गेवरा बिर्रा जांजगीर, विनय पटेल पिता सुरेश पटेल 25 सिलादेही बिर्रा जांजगीर, दिकेश्वर साहू पिता पवन कुमार साहू 22 साल अमलीडीही लोरमी निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 10 हजार 390 रुपए नकद, 6 मोबाइल, 1 लैपटाप, सट्टापट्टी लिखा रजिस्टर जब्त किया गया है।

■ 10 हजार रुपए मोबाइल, 1 लैपटाप, सट्टापट्टी लिखा रजिस्टर जब्त



#### बलौदाबाजार एसपी के भय से यहां आया था खाईवाल

बलौदाबाजार का खाईवाल राजदीप साहू लंबे समय से सेटिंग के माध्यम से अपने जिले में क्रिकेट सट्टा खिला रहा था। पूर्व में उसके खिलाफ एक बार जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई भी हुई है। इस बार बलौदाबाजार जिले के सख्त एसपी विजय अग्रवाल के आगे उसकी सेटिंग गड़बड़ा गई और वह वहां से भागकर बिलासपुर में किराए के मकान में रह रहे अपने दोस्त रथराम साहू के साथ मिलकर क्रिकेट सट्टा खिला रहा था। किन्तु यहां के सख्त एसपी रजनेश सिंह के आगे उसकी होशियारी धरी की धरी रह गई और सलाखों के पीछे पहुंच गया। आईपीएल मैच में सटोरियों पर कार्रवाई एक तरह से थम सी गई थी। एक तरह से कहा जाए तो खाईवालों को अभयदान मिला हुआ था। किन्तु इस बार एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सट्टा खिलाने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। बीते 5 दिन में आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वाले 13 सटोरियों को पकड़कर कार्रवाई की गई है और पहली बार खाईवालों के खिलाफ अपराध दर्ज किया जा रहा है।

# प्यार के चक्कर में व्यापारी गंवा बैठा कार सहित 23 लाख का सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक युवती के प्यार के चक्कर में युवा व्यापारी कार सहित 23 लाख का सामान गिफ्ट कर दिया। उसके बाद मां बेटी शादी करने से इनकार कर झूठे बलात्कार के केस में फंसा देने की धमकी देने लगे। पुलिस ने मां बेटी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, बोदरी निवासी कमल चंदानी पिता राजकुमार चंदानी 30 साल वर्ष 2013 में चकरभाठा में मोबाइल दुकान चलाते थे। इस दौरान रिया जैसवानी उनकी दुकान में मोबाइल रिचार्ज कराने आती थी और दोनों के बीच मोबाइल में बातचीत होने लगा। 2021 में महिला रायपुर में जाकर रहने लगी। उसने कमल चंदानी को फोनकर बताई उसकी बेटी एनी जैसवानी डेंटल कालेज में पढ़ाई कर रही है उसे कुछ जरूरत होने पर मदद कर देने की बात कही। इसके बाद उसकी बेटी एनी जैसवानी कमल चंदानी को फोनकर जरूरी सामान मंगाने लगी और बातचीत के दौरान दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। रिया जैसवानी ने युवक को फोनकर कहा पढ़ाई पूरी होने के बाद वह अपनी बेटी की शादी उससे करवा देगी। उसके बाद युवक उनके झांसे में आकर मां को सास व बेटी को पत्नी मानकर व्यवहार करने लगा। इसका फायदा उठाकर महिला ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते कई प्रकार के सामान की मांग करने लगी। तीन साल के भीतर में मां बेटी ने उससे 23 लाख का सामान व नकद रकम ले लिया। युवती की पढ़ाई पूरी होने के बाद युवक ने शादी करने के लिए कहा तो मां बेटी के व्यवहार बदल गए और झूठे बलात्कार केस में फंसाने की धमकी देने लगे।

■ मां बेटी के खिलाफ जुर्म दर्ज

#### क्या-क्या लिया मां बेटी ने

मां बेटी आर्थिक परेशानी बताते हुए युवक से नकद रकम, फोन पे के माध्यम से कई बार पैसा, मोबाइल, फ्रीज, लैपटाप, एसी, घड़ी, आलमारी, घरेलू बर्तन, सोने के गहने, कपड़ा, कापी पुस्तक, मां बेटी को उपयोग करने के लिए अपनी हुंडई एसेंट कार क्रमांक सीजी 10 व्ही, 0129 को गिफ्ट कर दिया। मां बेटी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसकी कार को बेच दिया है।

# अनंत अंबानी पहुंचे द्वारकाधीश मंदिर

**द्वारका।** राम नवमी के दिन उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने जामनगर से द्वारका स्थित द्वारकाधीश मंदिर तक 170 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। यह यात्रा उन्होंने अपने 30वें जन्मदिन से ठीक पहले पूरी की। इस आध्यात्मिक सफर में उनकी मां नीता अंबानी और पत्नी राधिका हर कदम पर साथ रहीं। भगवान कृष्ण के प्रति गहरी आस्था रखने वाले अनंत ने यह यात्रा 29 मार्च को एक भक्ति भाव के रूप में शुरू की थी।

■ 170 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की



#### धार्मिक स्थलों से जुड़े अनंत

पिछले कुछ वर्षों में अनंत देश के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कोलकाता के कालीघाट मंदिर, राजस्थान के नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर और असम के कामाख्या मंदिर जैसे स्थलों के संरक्षण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com